संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक दैनन्दिनी.

■ वर्ष -17 ■ अंक-126 ■ रायपुर, शनिवार 03 अक्टूबर 2026 ■ रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ■ CHHHIN/2010/34274 पृष्ठ 8 ■ मूल्य-1.50 रुपये

आज का पंचांग



वारः शनिवार
तिथिः आश्विन कृष्ण सप्तमी
पक्षः आश्विन पक्ष
मासः आश्विन (कृष्ण पक्ष)
ऋतुः वर्षा ऋतु
विक्रम संवतः 2083
शक संवतः 1948
नक्षत्रः आर्द्रा
चन्द्र राशिः मिथुन राशि में
सूर्य राशिः कन्या राशि में
पंचकः आज पंचक नहीं है।
अभिजीत मुहूर्तः दोपहर 12:04 से 12:51 तक।
विजय मुहूर्तः दोपहर 02:27 से 03:14 तक।
ब्रह्म मुहूर्तः प्रातः 04:53 से 05:41 तक।
राहुकालः सुबह 09:28 से 10:58 तक

राजघाट पर आयोजित सर्व-धर्म प्रार्थना में शामिल हुए पीएम मोदी



नई दिल्ली। गांधी जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने राजघाट व गांधी स्मृति में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी तथा सर्व-धर्म प्रार्थना सभा में भाग लिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने विजय घाट जाकर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गांधी जयंती के मौके पर राजधानी दिल्ली में गांधी स्मृति में आयोजित एक विशेष सर्व-धर्म प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री ने सत्य, शांति और अहिंसा के उनके सदाबहार आदर्शों का सम्मान करते हुए महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्रों और कलाकारों ने भक्तिपूर्ण भजन प्रस्तुत किए। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी गांधी स्मृति में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने भारत की आज़ादी की लड़ाई में गांधीजी की अहम भूमिका और भाईचारे व सामाजिक उत्थान के उनके सार्वभौमिक संदेश को याद किया। महात्मा गांधी, जिन्हें मोहनदास करमचंद गांधी के नाम से भी जाना जाता है, का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। उनकी जयंती पर हर साल गांधी जयंती मनाई जाती है।

गांधी जयंती पर प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने किया प्रीमैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण

छात्राओं से मुलाकात कर आवासीय सुविधाओं, भोजन और पढ़ाई की व्यवस्थाओं की ली जानकारी

रायपुर ■ दैनन्दिनी

गांधी जयंती के अवसर पर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के प्रभारी एवं कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आज मनेन्द्रगढ़ स्थित प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं और आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने छात्रावास में छात्राओं के रहने की व्यवस्था, भोजन, पेयजल, स्वच्छता, शौचालय, अध्ययन की सुविधा, बिजली एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं से उनकी पढ़ाई, छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं तथा दैनिक आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने तथा छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।



प्रभारी मंत्री ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने तथा शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अधिकारियों से छात्रावास की व्यवस्थाओं एवं छात्राओं की आवश्यकताओं के संबंध में भी जानकारी ली। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, पूर्व संसदीय सचिव चंपादेवी पावले, कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, अपर कलेक्टर नम्रता डोगरे, एसडीएम लिंगराज सिदार, विजयेंद्र सारथी सहित तहसीलदार, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

एशियन गेम्स के 13वें दिन हुई गोल्ड मेडल की बारिश

भारत ने जीते 6 गोल्ड समेत 10 मेडल

महिला हॉकी टीम ने रचा इतिहास

नई दिल्ली ■ एजेंसी

एशियन गेम्स में भारत के लिए 13वां दिन पदकों की बरसात लेकर आया। भारतीय एथलीटों ने अलग-अलग खेलों में अपनी ताकत का लोहा मनवाते हुए देश की झोली में कई पदक डाले। इस शानदार प्रदर्शन के बल पर भारत ने कुल 16 स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) हासिल कर लिए हैं और पदक तालिका में टॉप-5 में अपनी जगह पक्की कर ली है। आज के दिन भारत के खाते में कुल 6 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल आए। मेडल टैली में भारत इस वक्त पांचवें नंबर पर है।

दिन की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक सफलता भारतीय महिला हॉकी टीम ने दिलाई। फाइनल मुकाबले में भारत ने कड़े संघर्ष के बाद चीन को 1-0 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। यह जीत इसलिए भी बेहद खास है क्योंकि भारतीय महिला हॉकी टीम ने पूरे 44 साल के लंबे इंतजार के बाद एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीता है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारतीय टीम ने 2028 में अमेरिका के लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भी सीधे क्वालीफाई कर लिया है।





सुजीत कलकल ने पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में जीता गोल्ड

कुश्ती में भारत के स्टार पहलवान सुजीत कलकल ने पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में कमाल दिखाया। सुजीत एक समय फाइनल मुकाबले में ताजिकिस्तान के पहलवान से 2-9 से पीछे चल रहे थे और उनकी हार लगभग तय मानी जा रही थी। लेकिन भारतीय पहलवान ने गजब का जज्बा दिखाते हुए आखिरी पलों में लगातार तीन शानदार टेकडाउन किए और 10-9 से मैच जीतकर स्वर्ण पदक हासिल कर लिया।

बॉक्सिंग के रिंग में लवलीना बोरगोहेन, परवीन और अंकुश को मिली कामयाबी

बॉक्सिंग के रिंग में भी भारतीय मुक्केबाजों का दबदबा देखने को मिला। महिला मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा वर्ग) और परवीन (65 किग्रा वर्ग) ने अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में विरोधी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए देश के लिए गोल्ड मेडल जीते। वहीं पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में अंकुश पंगल ने भी अपनी मुक्केबाजी का दम दिखाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

आर्चरी में भारत को मिला गोल्ड

आर्चरी के मैदान से भी भारत के लिए बड़ी खुशखबरी आई। रिकर्व महिला टीम स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में अंकिता भकत, कीर्ति और कुमकुम मोहोद की तिकड़ी ने दुनिया की मजबूत टीमों में से एक साउथ कोरिया को रोमांचक मैच में हराकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिन भर में भारत को आर्चरी के पुरुष रिकर्व टीम और मिक्स्ड रिकर्व टीम इवेंट में दो सिल्वर मिले। कुल मिलाकर भारत इस एशियन गेम्स में अब तक 16 गोल्ड, 25 सिल्वर और 35 ब्रॉन्ज मेडल सहित 76 मेडल अपने नाम कर चुका है।

सीएम साय ने नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी से की मुलाकात



रायपुर ■ दैनन्दिनी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवनियुक्त छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी से मुलाकात की। सीएम साय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी का नवदायित्व मिलने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विकास, डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। विशेष रूप से बस्तर में विकास की नई संभावनाओं और बदलते स्वरूप को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। सीएम साय ने कहा, स्मृति ईरानी का व्यापक राष्ट्रीय अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनसेवा के हमारे संकल्प को नई मजबूती प्रदान करेगा।

8 छात्रों की 8 डूबने से मौत



रायगढ़ ■ एजेंसी

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के फेमस दिवेआगर बीच पर एक दुखद घटना हुई है। पिकनिक पर आए 8 छात्रों की रायगढ़ के दिवेआगर समुद्र तट पर डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, पुणे के आलंदी से ये 8 छात्र दिवेआगर आए थे। छात्र समुद्र में तैरने के लिए उतरे, लेकिन पानी की गहराई का अंदाजा न लगा पाने के कारण वे सभी डूब गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी आठ छात्रों के शव समुद्र से निकाल लिए गए हैं। दरअसल, एक प्राइवेट कोचिंग क्लास ने दिवेआगर के लिए एक ट्रिप का आयोजन किया था। पुणे के आलंदी इलाके की 'विनर्स' प्राइवेट कोचिंग क्लास का एक ग्रुप घूमने के लिए दिवेआगर आया था। कुछ छात्र समुद्र का मजा लेने के लिए पानी में उतरे लेकिन पानी की गहराई का अंदाजा न लगा पाने के कारण उनमें से आठ छात्र डूब गए। स्थानीय वॉटर स्पोर्ट्स मालिक की तत्परता से शव बाहर निकाले गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों में खलबली मच गई। दिवेआगर स्थित 'भाऊ मारुती सालुंखे महाकाली वाटर स्पोर्ट्स' के मालिक और उनके सहयोगियों ने समुद्र में खोज अभियान चलाया। जैसे ही पता चला कि छात्र डूब रहे हैं, बीच पर मौजूद 'महाकाली वॉटर स्पोर्ट्स' के कर्मचारी और स्थानीय लोग तुरंत समुद्र में कूद पड़े।

ट्रक-पिकअप वैन की टक्कर में 7 की मौत, 21 घायल

बुलढाणा ■ एजेंसी

महाराष्ट्र में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे से जुड़ी खबर सामने आई है। अरावती जिले के बुलढाणा जिले के शेगांव से मां दुर्गा की मूर्ति लेकर वर्धा जिले जा रहे थे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप वैन को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हो गए हैं। हादसा धामणगांव के चैनल 97 के पास हुआ। घायलों में से चार-पांच लोगों की की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है।



जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की सुबह यह हादसा धामणगांव रेलवे के पास समृद्धि महामार्ग के चैनल नंबर 97 पर हुआ। पिकअप में सवार लोग शेगांव से मां दुर्गा की मूर्ति लेकर वर्धा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक और टेम्पो पिकअप के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और इलाज के दौरान दो और लोगों की मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही धामणगांव रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय नागरिकों और पत्रकारों की सतर्कता से राहत कार्य तेजी से शुरू किया गया और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में मदद मिली। सभी घायलों को धामणगांव ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उपचार कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि चार से पांच घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। बता दें कि इस हादसे में कुल 21 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 14 से 15 लोग मामूली रूप से घायल हैं और फिलहाल आउट ऑफ डेंजर बताए जा रहे हैं।

सेवा संकल्प अभियान: गुजरात से निकली बाइक रैली का उदयपुर में भव्य स्वागत

मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया आत्मीय अभिनंदन

रायपुर ■ दैनन्दिनी

सेवा, संस्कार और समाज के प्रति समर्पण का संदेश लेकर गुजरात से निकली बाइक रैली के उदयपुर आगमन पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने बाइक राइडर टीम का भव्य स्वागत एवं आत्मीय अभिनंदन किया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस अवसर पर रैली के माध्यम से सेवा भावना, सामाजिक सरोकार, सांस्कृतिक मूल्यों और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि गुजरात से सेवा और संकल्प का संदेश लेकर निकली बाइक रैली के प्रतिभागियों का उदयपुर में स्वागत करना सुखद अवसर रहा। उन्होंने कहा कि यह बाइक रैली केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, एकता और सामाजिक दायित्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरक प्रयास है। युवाओं की ऊर्जा जब सेवा और समाजहित के संकल्प से जुड़ती है, तो वह सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत शक्ति बन जाती है।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि सेवा भारतीय संस्कृति का मूल संस्कार है। हमारी संस्कृति हमें स्वयं से पहले समाज और राष्ट्र के हित के बारे में सोचने की प्रेरणा देती है। सेवा का संकल्प, संस्कारों का सम्मान और समाज के प्रति समर्पण हमारी पहचान और हमारी शक्ति है। सेवा संकल्प अभियान इसी भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का माध्यम बन रहा है।

बाइक रैली के स्वागत के पश्चात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल बाइक राइडर टीम के सदस्यों के साथ रामगढ़ स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचे। यहां



मंत्री श्री अग्रवाल और बाइक राइडर्स ने प्रभु श्रीराम के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर आस्था, संस्कृति और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, कर्तव्य, त्याग और लोककल्याण की प्रेरणा देता है। आज बाइक राइडर साथियों के साथ रामगढ़ की पावन धरा पर प्रभु श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य मिला। सेवा का संदेश लेकर निकले इन युवाओं का हमारी आस्था और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ना इस यात्रा को और भी सार्थक बनाता है।

उन्होंने कहा कि रामगढ़ हमारी समृद्ध ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। हमारी धरोहरें केवल अतीत की स्मृतियां नहीं हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपने इतिहास, संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने वाली अमूल्य विरासत हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के साथ इनके गौरव को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज में सेवा और जनकल्याण की भावना को और मजबूत कर रहा है। सेवा किसी विशेष अवसर तक सीमित न रहकर हमारे जीवन और आचरण का स्थायी संस्कार बने, यही इस अभियान का मूल संदेश है।

'लात-घूंसे मारे, बाल पकड़कर घसीटा', एक्स की हैवानियत याद कर रोने लगीं काजल राघवानी

मुंबई (एजेंसी)। भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने एक नए रियेलिटी शो में एंट्री मारी है। पिछले दिनों काजल राघवानी भोजपुरी इंडस्ट्री के पहले रियेलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' में नजर आई थीं, जहां आम्रपाली दुबे के साथ उनकी नोंकझोंक चर्चा में बनी रही। अब उन्होंने 'राइज एंड फॉल 2' में बतौर कंटेस्टेंट एंट्री ली है, जहां वह हालिया एपिसोड में अपनी जिंदगी के दर्दनाक दौर का जिक्र करती दिखीं। काजल राघवानी ने अपनी दर्दभरी दास्तान सुनाते हुए उस वजह से पर्दा उठाया, जिसके चलते उनका रिश्ता खत्म हो गया। काजल ने हालिया एपिसोड में अनीश भगत के साथ बातचीत में अपने अब्यूसिव रिलेशनशिप के बारे में बात की और बताया कि इस रिलेशनशिप में उनके साथ आए दिन मारपीट होती थी। उनका एक्स उनके बाल पकड़कर खींचता था, जिसके चलते उनके बाल भी कम हो गए।

अब्यूसिव रिलेशनशिप में थीं काजल राघवानी

काजल राघवानी ने हालिया एपिसोड में अपने एक्स पार्टनर के बारे में बात की और बताया कि कैसे वो उनके साथ मारपीट करता था। अपने इस रिश्ते के बारे में अनीश भगत के साथ बातचीत की और कहा- 'मुझे बहुत मारा गया है। मैंने जिस आदमी से प्यार किया, उसने मेरे साथ बहुत मारपीट की। मैंने अब तक किसी को उसका नाम नहीं बताया है और ना ही आगे चलकर बताऊंगी। लोगों ने मुझे जज किया, मुझे लेकर एक राय बना ली, लेकिन मुझे उन्हें कुछ भी बताने की जरूरत नहीं है। मुझे वो पटक-पटक कर मारता था। मुझे जमीन पर धक्का देकर पैरों से मारा।'

बाल पकड़कर ऐसे खींचा बाल कम हो गए

काजल राघवानी आगे कहती हैं- 'मेरे बाल भी अब कम हो गए हैं, पता है क्यों? हाथों से घुमा-घुमाकर मेरे बाल खींचता था। एक दिन जब उसका सारा ड्रामा खत्म हुआ, उसके बाद मैंने अपने बाल छुए तो सारे बाल हाथ में आ रहे थे। मुझे



चोटों से इतनी समस्या नहीं थी, लेकिन मेरे जो बाल निकले ना।' ये कहते-कहते काजल राघवानी फूट-फूटकर रोने लगीं, जिस पर अनीश ने कहा- 'मुझे उम्मीद है कि अब जो भी लड़का आपकी जिंदगी में आएगा, वो आपको अच्छे से ट्रीट करेगा। आप बहुत अच्छी हैं।' इसके जवाब में काजल ने कहा- 'मुझे अब किसी पर विश्वास नहीं होता।'

भोजपुरी बवाल में भी दर्दनाक बचपन को किया था याद

ये पहली बार नहीं है जब काजल राघवानी ने अपने साथ हुए जुल्मों के बारे में खुलकर बात की है। इससे पहले उन्होंने भोजपुरी बवाल में भी अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात की थी और अपने दर्दनाक बचपन के बारे में बताया था। उन्होंने अपने दर्दनाक बचपन को याद करते हुए बताया था कि उनके पिता उन्हें और उनके परिवार को छोड़कर चले गए थे, जिसके बाद उनके लिए जिंदगी बहुत मुश्किल थी। तब वह 16 साल की थीं। उन्होंने कहा- 'मेरे पिता मेरी मां को बहुत परेशान करते थे, उन्हें मारते-पीटते थे। मुझे लगता है कि अगर मैं तब सफल होती तो शायद अपनी मां को वो सब सहने से बचा लेती। एक बार मेरी मां उसके पैर की मालिश कर रही थी, तब उसने इतनी जोर की लात मारी कि दीवार से जाकर टकरा गईं।'

मजबूरी में शुरू करना पड़ा करियर

'मुझे मजबूरी में भोजपुरी में करियर शुरू करना पड़ा, मेरे पिता चाहते थे कि मैं टीवी में काम करूं। मुझे बिना किसी गलती के पीटा गया, मैंने शारीरिक शोषण सहा। ऐसा कई बार हुआ है, मैं ये कभी शेयर नहीं करना चाहती थी। एक बार मेरे साथ मारपीट के बाद उसने मेरे परिवार को बर्बाद करने तक की धमकी दी थी। मैं बहुत डर गई थी। मुझे पता है कि अगर मैंने उसका पर्दाफाश किया तो कोई मेरा साथ नहीं देगा, इसलिए सिर्फ अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'

अजय देवगन की फिल्म का दर्शकों पर चला जादू, क्लाइमेक्स ने हिलाए दिमाग के तार

मुंबई (एजेंसी)। अजय देवगन एक बार फिर 'विजय सालगांवकर' के रोल में वापस आ गए हैं और ये विजय सलगांवकर की कहानी का आखिरी चैप्टर है। 'दृश्यम 3: द कन्क्लूजन' गांधी जयंती के मौके पर, शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में वही सस्पेंस और मिस्ट्री देखने को मिल रहा है जो इस फ्रैंचाइजी की खासियत रही है। इस बार फिल्म में कुछ नए कलाकारों की भी एंट्री हुई है, जिनमें जयदीप अहलावत और प्रकाश राज शामिल हैं और इन कलाकारों के कहानी में एंट्री लेने से दर्शकों में जबरदस्त उत्सुकता बनी हुई थी और अब जब फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है तो




सोशल मीडिया पर दर्शकों के रिएक्शन आने शुरू हो गए हैं। फिल्म को लेकर शुरुआती रिएक्शन अच्छे ही हैं। खासतौर पर सस्पेंस, ट्विस्ट, तनाव भरे सीन्स और क्लाइमैक्स की सोशल मीडिया यूजर्स के बीच जबरदस्त चर्चा है। तो चलिए जानते हैं अजय देवगन स्टारर 'दृश्यम 3' को लेकर सोशल मीडिया यूजर्स का क्या कहना है। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी 'दृश्यम 3' क्राइम-थ्रिलर 'दृश्यम' फ्रैंचाइजी की तीसरी और अंतिम कड़ी है, जिसके साथ एक बार फिर अजय देवगन, विजय सलगांवकर के किरदार में वापसी की है और उनके साथ फिल्म में तब्बू, श्रेया सरन, प्रकाश राज और जयदीप अहलावत जैसे चर्चित कलाकार अहम भूमिका में हैं।

फिल्म की रिलीज ने अब दर्शकों में इसे लेकर एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है और फिल्म देख चुके दर्शक अब सोशल मीडिया पर इसे लेकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर दर्शक अजय देवगन स्टारर इस फिल्म की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कहानी-ट्विस्ट के साथ-साथ इसके क्लाइमेक्स की तारीफ करने से खुद को नहीं रोक पा रहे हैं।

मुंबई पुलिस के सामने पेश हुए डिनो मोरिया मीठी नदी घोटाला मामले में हुई पूछताछ

मुंबई (एजेंसी)। एक्टर डिनो मोरिया एक बार फिर मीठी नदी सफाई घोटाले को लेकर चर्चा में हैं। शुक्रवार, 2 अक्टूबर को डिनो मोरिया मुंबई पुलिस कमिश्नर के ऑफिस पहुंचे, जहां उनसे कथित मीठी नदी डीसिल्टिंग घोटाले के सिलसिले में पूछताछ जारी है। इस मामले की जांच इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (EOW) कर रही है। इससे पहले अभिनेता इस घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हो चुके हैं। ये मामला मुख्य रूप से मुंबई पुलिस की ईओडब्ल्यू शाखा द्वारा दर्ज किया गया है, जिसमें धोखाधड़ी, अनुबंधों को प्रभावित करने और ठेकेदारों के साथ मिलकर गुटबाजी करने का



आरोप लगाया गया है, जिससे बीएमसी को करीब 65 करोड़ का नुकसान हुआ।

मीठी नदी घोटाले की बात करें तो मुंबई में बाढ़ से बचाव और ड्रेनेज के लिए मुंबई की मीठी नदी की सफाई और गाद (डिसिल्टिंग) निकालने के नाम पर हुआ करीब 65 करोड़ की कथित वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला है। मीठी नदी की सफाई के लिए मिले फंड का गलत इस्तेमाल करने के शक में ठेकेदारों और अधिकारियों के साथ कथित संबंधों की जांच में मोरिया का नाम सामने आया है। ANI की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने इस मामले की जांच के तहत मुंबई और कोच्चि में 15 जगहों पर तलाशी ली थी, जिसमें मोरिया का घर भी शामिल था। मीठी नदी से गाद निकालने का प्रोजेक्ट 2005 में मुंबई में आई भयानक बाढ़ के बाद शुरू किया गया था।

'शक' के बाद नई कहानी के साथ लौटेगीं परिणीति चोपड़ा

मुंबई (एजेंसी)। परिणीति चोपड़ा 'रिपोर्टिंग लाइव' के साथ सस्पेंस की दुनिया में वापसी करने के लिए तैयार हैं। यह एक ऐसी नई कहानी है, जिसमें मिस्ट्री, क्राइम और चौंकाने वाले ट्विस्ट देखने को मिलेंगे। अपनी हालिया नेटफ्लिक्स वेब सीरीज 'शकः ट्रस्ट नो वन' के बाद से एक्ट्रेस चर्चा में हैं। अब वह इस बार फिर ऐसी कहानी का हिस्सा बनी हैं जो उन दर्शकों के लिए का होने वाली है, जिन्हें रोमांचक थ्रिलर और सस्पेंस से भरी कहानियां देखना बहुत पसंद हैं। उम्मीद है कि 'रिपोर्टिंग लाइव' दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाएगी, जहां हर सुराग कहानी की दिशा बदल सकता है। परिणीति चोपड़ा इस नई कहानी में एक अलग किरदार में नजर आने वाली हैं, जिसकी झलक पोस्टर में भी देखने को मिलेगी। परिणीति चोपड़ा की 'रिपोर्टिंग लाइव' की कहानी जैसे-जैसे आगे बढ़ाती जाएगी। इसमें कई नए रहस्य सामने आएंगे, जो दर्शकों काहीन से आखिरी तक बांधे रखेगा। दर्शकों को किरदारों, उनके छिपे राज और आसपास हो रही हर घटना पर नजर रखनी होगी, क्योंकि कहानी का हर छोटा सुराग उन्हें रहस्य की अगली कड़ी तक पहुंचाएगा। कहानी सच और झूठ के बीच के तनाव पर बनी है, जिससे दर्शक यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आगे क्या होगा? ऐसे में अगर आप भी क्राइम ड्रामा, इन्वेस्टिगेटिव कहानियां और चौंकाने वाले ट्विस्ट से भरपूर स्टोरी देखना पसंद करते हैं तो परिणीति चोपड़ा की 'रिपोर्टिंग लाइव' अपनी वॉचलिस्ट में शामिल कर सकते हैं।

सेहत

पानी की बोतल में जमी बर्फ को तलवों के नीचे घुमाने से क्या फायदा होता है

दिनभर चलते फिरते रहने से, वजन बढ़ने से या गलत जूते चप्पल पहनने से पैरों में दर्द की शिकायत होने लगती है। पैरों की मालिश से दिनभर की थकान, तनाव दूर हो सकता है साथ ही पैरों को रिलेक्स करने के लिए आप बर्फ के पानी से या फिर ठंडे पानी से भरी बोतल से सिंकाई भी कर सकते हैं। जब आप ठंडे पानी की बोतल को तलवों के नीचे घुमाते हैं तो गजब के फायदे मिलते हैं। पानी की बोतल से स्ट्रेच करना प्लांटर फैशियाइटिस, एड़ी की हड्डी में दर्द और तलवे के दर्द के लिए एक आसान घरेलू उपाय है। यह प्लांटर फैशिया लिगामेंट को खींचकर और लंबा करके पैरों में तनाव को कम करने में मदद करता है। जमी हुई पानी की बोतल का इस्तेमाल करने से तलवे की सूजन कम होती है। इससे पैरों की मांसपेशियों को आराम मिलता है और आपकी दिनभर की थकान दूर हो जाती हैं। आइये जानते हैं इसे कैसे करना है और इसके क्या फायदे हैं?

पैरों के ठंडे पानी की बोतल से मसाज

इसके लिए एक पानी की बोतल लें और उसे फ्रीजर में रख दें। बोतल स्टील की हो तो ज्यादा बेहतर है। आप प्लास्टिक की बोतल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बोतल में बर्फ जमी हो या फिर पानी अच्छा ठंडा होना चाहिए। अब बोतल को लिटा दें और उसके ऊपर अपना पैर रखें। किसी आरामदायक जगह पर बैठ जाएं और अब तलवे के



नीचे रखी बोतल को धीरे-धीरे घुमाते रहें। आप दोनों पैरों से एक साथ भी ऐसा कर सकते हैं। या फिर बारी-बारी से एक पैर से ऐसा कर सकते हैं। इससे दिनभर पैरों में थकान, जलन या भारीपन की समस्या दूर होगी और पैरों को आराम मिलेगा।

तलवों के नीचे ठंडे पानी की बोतल घुमाने से फायदे

नसों को आराम- ठंडे पानी की बोतल को पैरों के तलवों के नीचे करीब 10 मिनट घुमाने से ही आपकी दिनभर की सारी थकान, भारीपन और जलन कम होने लगेगी। ठंडा पानी (Cold Therapy) नसों और मांसपेशियों को शांत करने में मदद करता है, जिससे सूजन और तनाव कम हो सकता है।

ब्लड सर्कुलेशन बेहतर- ऐसा करने से ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है। पैरों के नीचे बोतल घुमाने से तलवों पर हल्का दबाव पड़ता है, जिससे ब्लड प्रेशर बेहतर महसूस हो सकता है और पैरों को आराम मिलता है। ठंडे तापमान और हल्की मसाज से रक्त वाहिकाओं में बदलाव आता है जिससे ब्लड फ्लो में सुधार आता है।

डायबिटीज में किस वक्त वॉक करें?

शुगर को लाइफस्टाइल में सुधार कर काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। बढ़े हुए ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने के लिए वॉक दवा की तरह काम करती है। डायबिटीज में दवाओं और डाइट के साथ-साथ रोजाना कुछ फिजिकल एक्टिविटी करना भी जरूरी होता है। डॉक्टर वॉक यानी टहलना डायबिटीज के मरीजों के लिए सबसे आसान एक्सरसाइज मानते हैं। इसे किसी भी उम्र के लोग आसानी से लंबे समय तक कर सकते हैं। रोजाना कुछ कदम पैदल चलने से ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और हार्ट की बीमारियों का खतरा कम होता है।

हालांकि डायबिटीज के मरीज को अपनी बीमारी और मेडिकल कंडीशन के हिसाब से वॉक करनी चाहिए। जानिए शुगर के मरीज को कितना पैदल चलना चाहिए। रोजाना कितने कदम चलने से डायबिटीज के मरीज को फायदा होगा और ब्लड शुगर कम होने लगेगा।

डायबिटीज के रोगियों के लिए वॉक सबसे असरदार व्यायाम है। डायबिटीज में भी आपको नॉर्मल लोगों की तरह ही रोदाना 10 हजार कदम चलने चाहिए। अगर आपको बहुत थकान या कमजोरी रहती है या इतना चलना संभव नहीं है तो आपको रोज 30 मिनट की वॉक तो जरूर करनी ही चाहिए।

डायबिटीज में 1 दिन में करीब 6400 कदम एक इंसान को चलने ही चाहिए। अगर किलोमीटर में देखें तो आपको 3 से 4 किमी तेजी से चलना चाहिए। इससे ब्लड शुगर में तेजी से सुधार आएगा। शुगर के मरीज को सप्ताह में 5 दिन वॉक जरूर करनी चाहिए।

वॉक आप किसी भी वक्त कर सकते हैं, लेकिन डायबिटीज के मरीजों के लिए खाना खाने के बाद टहलना सबसे ज्यादा अच्छा माना जाता है। खासतौर से डिनर के बाद 15 से 30 मिनट की गई हल्की वॉक ब्लड शुगर को तेजी से बढ़ने से रोकती है।

इसलिए खाने के बाद वॉक के लिए कुछ मिनट जरूर निकालें। सुबह खाली पेट वॉक करना भी डायबिटीज में लाभदायक हो सकता है, लेकिन इसमें सावधानी जरूरी है।

अगर आप इंसुलिन लेते हैं या ब्लड शुगर लेवल पहले से ही कम है, तो सुबह की वॉक से पहले हल्का नाश्ता कर लेना चाहिए। **(एजेंसी)**

आंवला ज्यादा फायदेमंद है या फिर नींबू?

आंवला और नींबू, दोनों में ही विटामिन सी समेत कई पोषक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। विटामिन सी की बात की जाए, तो आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आंवला में नींबू की तुलना में ज्यादा विटामिन सी मौजूद होता है। आइए पहले आपको आंवला के कुछ हेल्थ बेनिफिट्स और नींबू के कुछ हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में बताते हैं।

इस आर्टिकल को पढ़ने के बाद आप समझ जाएंगे कि आपके लिए क्या ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है, आंवला या फिर नींबू...

आंवला के फायदे- आंवला का सेवन करके इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाया जा सकता है। डायबिटीज जैसी साइलेंट किलर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए भी आंवला काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। आंवला में एंटीऑक्सीडेंट गुण भी अच्छी खासी मात्रा में मौजूद होते हैं। सही मात्रा में और सही तरीके से आंवला को अपने डाइट प्लान का हिस्सा बनाएं और अपनी सेहत को फौलाद सा मजबूत बनाएं।

फायदेमंद नींबू- नींबू में मौजूद तमाम पोषक तत्व डाइजेशन और गट हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं। बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए भी नींबू को अपने डाइट प्लान में शामिल किया जा सकता है। शरीर के मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने के लिए नींबू पानी का सेवन किया जा सकता है।

क्या ज्यादा बेहतर- क्या आप भी यही सोच रहे हैं कि इन दोनों में से ज्यादा फायदेमंद क्या है? अगर हां, तो आपकी जरूरत पर निर्भर करता है कि आपकी सेहत के लिए कौन सा ऑप्शन ज्यादा बेहतर साबित हो सकता है। इम्यूनिटी को बूस्ट करने के लिए आंवला का सेवन किया जा सकता है। लेकिन अगर आप डाइजेशन को सुधारना चाहते हैं या फिर वेट लॉस करना चाहते हैं, तो आपको आंवला और नींबू, दोनों को सही मात्रा में और सही तरीके से कंज्यूम करना शुरू कर देना चाहिए। **(एजेंसी)**

फ़िटनेस ट्रेनर ने बताए 3 कार्डियो एक्सरसाइज जो फ़ैट बर्न करने में हो सकते हैं कारगर, जानें आपके लिए क्या है बेस्ट

आज के समय में वजन घटाना काफी चैलेंजिंग हो चुका है। लोगों को समझ नहीं आता कि किस तरह वजन घटाया जाए। लेकिन फ़िटनेस ट्रेनर हेलेना हैम्स्टर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है और बताया है कि तेजी से फ़ैट कैसे कम कर सकते हैं। आपको बता दें कि वेट लॉस में कार्डियो एक्सरसाइज बेहद कारगर साबित होता है। ऐसे में फिटनेस ट्रेनर का मानाना है कि आपको अपने हिसाब से कार्डियो वर्कआउट चुनना चाहिए। इंस्टाग्राम पर सेयर इस वीडियो में उन्हें ट्रेडमिल पर दौड़ते, इनक्लाइन वॉकिंग करते और स्टेयरमास्टर का इस्तेमाल करते हुए देखा जा सकता है।

हैम्स्टर का कहना है कि अगर आप 30 मिनट तक ये एक्सरसाइज़ करते हैं, तो दौड़ने से 390 कैलोरी, इनक्लाइन वॉकिंग से 150 कैलोरी और स्टेयरमास्टर का इस्तेमाल करने से 240 कैलोरी बर्न होती हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रहें कि ये बाहरी फैट कम करते हैं। शरीर के अंदरूनी फैट को कम नहीं करता। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, फैट कम करने का मतलब सिर्फ़ कैलोरी बर्न करना नहीं है बल्कि ऐसी सही एक्टिविटी चुनना है जो



आपकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में फिट बैठे और सही तरह के फैट को टारगेट करे। उन्होंने जो कार्डियो एक्सरसाइज बताए हैं उनमें रनिंग, इनक्लाइन वॉकिंग और स्टेयरमास्टर शामिल है।

30 मिनट में लगभग 150 कैलोरी बर्न करता है।

रनिंग अंगों के आस-पास जमे फैट को टारगेट करता है।

ये एक ऐसा वर्कआउट है जिसके बाद रिकवरी की जरूरत नहीं होती। इसे रोज़ाना किया जा सकता है।

यह उन लोगों के लिए सबसे अच्छा है जो कम समय में तेज़ी से कैलोरी बर्न करना चाहते हैं और जिनका स्टैमिना पहले से ही अच्छा है।

इनक्लाइन वॉकिंग के फायदे

30 मिनट में लगभग 150 कैलोरी बर्न होती हैं।

यह सीधे विसरल फ़ैट को टारगेट करता है।

इसे हर ऐज ग्रप के लोग अपनी डेली रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

स्टेयरमास्टर के फायदे

30 मिनट में लगभग 240 कैलोरी बर्न होती हैं।

स्टोर किए गए ग्लाइकोजन का भरपूर इस्तेमाल करता है और फैट बर्न करने में मदद करता है।

यह उन लोगों के लिए बेस्ट वर्कआउट है जो कैलोरी बर्न करने और फैट को टारगेट करने के बीच संतुलन चाहते हैं।

आपके लिए क्या है बेस्ट?

अगर आपके पास समय कम है और आप ज़्यादा से ज़्यादा कैलोरी बर्न करना चाहते हैं, तो रनिंग आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। वहीं अगर आपका मुख्य उद्देश्य पेट की चर्बी को कम करना है, तो इनक्लाइन वॉकिंग बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। और अगर आप बीच का कोई रास्ता चाहते हैं, तो स्टेयरमास्टर भी चुन सकते हैं।

संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक
दैनन्दिनी.

शनिवार 03 अक्टूबर 2026 ■ रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

युवा रत्न सम्मान हेतु आवेदन 30 अक्टूबर तक

गरियाबंद। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक-सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल तथा अन्य विविध क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें राज्य स्तर पर मान्यता प्रदान करने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना संचालित किया जा रहा है। युवा रत्न सम्मान हेतु आवेदन 30 अक्टूबर 2026 तक आमंत्रित है। खेल विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस योजना में विभिन्न क्षेत्र जैसे- असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य 01 युवा तथा 01 स्वैच्छिक संगठन को (पुरस्कार राशि 2 लाख 50 हजार रूपये एवं 05 लाख रूपये), युवा रत्न सम्मान सामाजिक, साहित्य, उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी, दिव्यांजन सशक्तिकरण, कला एवं संगीत, लोककला में सम्मान किया जायेगा। इस योजना अंतर्गत प्रत्येक क्षेत्र में 01 युवा को 01 लाख रूपये पुरस्कार राशि के साथ पदक, एक प्रमाण पत्र, एक शॉल प्रदान की जायेगी। युवा रत्न सम्मान (महिला एवं बाल विकास) के पुरस्कार में केवल महिलाओं, बालिकाओं को ही प्रदान की जाएगी। एक श्रेणी का युवा रत्न सम्मान, किसी व्यक्ति संगठन, संस्था को एक से अधिक बार नहीं दिया जाएगा। इस सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ का मूल निवासी तथा आयु 15 से 29 वर्ष (जिस वित्तीय वर्ष के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाना है, उसके 01 अप्रैल को उसकी आयु 15 वर्ष पूर्ण तथा 31 मार्च में आयु 29 वर्ष से कम होना चाहिए) के बीच होना चाहिए। युवा रत्न सम्मान योजना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में आवेदन 30 अक्टूबर 2026 तक कार्यालय कलेक्टर, खेल एवं युवा कल्याण, जिला गरियाबंद में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

अवैध कीटनाशक भंडारण पर कार्रवाई, सातों नमूने जांच में अमानक

बिलासपुर। तखतपुर विकासखंड के ग्राम लोखंडी में बिना लाइसेंस कीटनाशकों एवं जैव उत्प्रेरक खाद का भंडारण करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गोदाम से जब्त कीटनाशकों के सातों नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाए गए हैं। कृषि विभाग की शिकायत पर सकरी थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 286 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर कलेक्टर बिलासपुर एवं संचालक कृषि के निर्देश पर कृषि, राजस्व और पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने ग्राम लोखंडी में मुख्य मार्ग पर स्थित रामाघाट तालाब के पास आशु सिंह के यहां आकस्मिक निरीक्षण किया। जांच में कीटनाशकों एवं जैव उत्प्रेरक खाद का अवैध भंडारण पाया गया। उक्त स्थान हेतु कृषि विभाग से विक्रय एवं भंडारण की अनुमति नहीं ली थी और न ही किसी प्रकार का आवेदन अथवा जानकारी कार्यालय उप संचालक कृषि को दी गई थी। संयुक्त दल ने मौके पर विक्रय प्रतिबंधित करते हुए गोदाम में रखी सामग्री जब्त कर गोदाम को सील कर दिया।

प्रदेशभर में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन, ग्रामीणों की भागीदारी से तैयार होगा गांवों के विकास का रोडमैप

जहां कभी लगती थीं नक्सलियों की जन अदालतें, वहां अब ग्रामीण तय कर रहे अपने गांव का भविष्य

रायपुर ■ दैनन्दिनी

गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को प्रदेशभर की ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं के बीच नारायणपुर जिले से लोकतंत्र की एक सुखद तस्वीर सामने आई। कभी नक्सल प्रभाव से जूझने वाले ओरछा विकासखंड की ग्राम पंचायत कच्चापाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण एक पेड़ की छांव तले ग्राम सभा के लिए जुटे और अपने गांव के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कच्चापाल की यह ग्राम सभा इसलिए भी विशेष रही कि बस्तर के जिन इलाकों में कभी नक्सलियों की तथाकथित 'जन अदालतों' का भय रहता था, उन्हीं क्षेत्रों में अब ग्रामीण संवैधानिक ग्राम सभा के मंच पर बैठकर अपनी बात रख रहे हैं और अपने गांव की विकास प्राथमिकताओं पर चर्चा कर रहे हैं। बदलते बस्तर की यह तस्वीर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में ग्रामीणों की बढ़ती भागीदारी को रेखांकित करती है।

कच्चापाल में ग्राम सभा के लिए किसी बड़े सभागार की जरूरत नहीं पड़ी। गांव के लोग पेड़ के नीचे एकत्र हुए और सामूहिक रूप से गांव की आवश्यकताओं तथा विकास कार्यों पर चर्चा की। ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी ने ग्राम सभा को जीवंत बनाया। महिलाओं और ग्रामीणों ने भी चर्चा में हिस्सा लेकर स्थानीय जरूरतों से जुड़े विषय सामने रखे। प्रदेश की अन्य ग्राम



पंचायतों में भी विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को अपने गांव की विकास प्राथमिकताएं तय करने की प्रक्रिया से जोड़ा गया। विकसित भारत-जी राम जी योजनांतर्गत विकसित ग्राम पंचायत प्लान (वीजीपीपी) तैयार करने के लिए स्थानीय आवश्यकताओं, उपलब्ध संसाधनों और जरूरी विकास कार्यों पर ग्रामीणों से सुझाव लिए गए। विशेष ग्राम सभाओं में जल संरक्षण, आजीविका संवर्धन और ग्रामीण अधोसंरचना जैसे विषयों पर स्थानीय जरूरत के अनुरूप कार्यों की पहचान पर जोर दिया गया। रिफॉर्म उत्सव के तहत ग्रामीणों को 125 दिवस रोजगार की वैधानिक गारंटी, समय पर रोजगार एवं मजदूरी भुगतान तथा योजना के अंतर्गत अनुमेय 375 प्रकार के कार्यों से संबंधित जानकारी भी दी गई। ग्राम सभाओं से मिले सुझाव विकसित ग्राम पंचायत प्लान का आधार बनेंगे। आगामी चरणों में गांवों के संसाधनों और आवश्यकताओं का आकलन कर विकास योजना का प्रारूप तैयार किया जाएगा। नारायणपुर के दूरस्थ कच्चापाल में पेड़ के नीचे लगी ग्राम सभा केवल एक बैठक तक सीमित नहीं रही। कभी नक्सल प्रभाव से जूझे इस क्षेत्र में ग्रामीणों का बड़ी संख्या में एक साथ बैठकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेना बदलते बस्तर की महत्वपूर्ण तस्वीर है। जहां कभी भय और हिंसा के बीच तथाकथित जन अदालतों की चर्चा होती थी, वहां अब ग्राम सभा में गांव के लोग स्वयं अपनी जरूरतों और विकास के भविष्य पर संवाद कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत सांकरा में महात्मा गांधी जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

सांकरा (धनेली)/रायपुर ■ दैनन्दिनी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायत सांकरा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के संदेश को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। साथ ही गांव में स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच श्री रघुनाथ साहू, उपसरपंच श्री योगेश साहू, पंच हेमंत कुमार बंजारे, नोहर धीवर,



टिकेंद्र धीवर, कमलेश नौरंगे, योगेश गायकवाड, गंगा दास मनहर, नोहर वर्मा, उमेश यादव एवं पंचायत सचिव रेणुका वर्मा उपस्थित रहे। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा वर्मा, भुनेश्वरी बंजारे, शकुंतला यादव, पूर्णिमा निर्मलकर, संतोषी साहू तथा मितानिन प्रमिला साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान रेणुका वर्मा ने महात्मा गांधी के विचारों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प दिलाया तथा ग्राम में स्वच्छता अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

बरसात के बाद सड़कों और पुलों के निर्माण को मिलेगी रफ्तार 672 करोड़ रुपए से अधिक के 24 कार्यों की निविदा मंजूर

रायपुर ■ दैनन्दिनी

बरसात के बाद प्रदेश में सड़क और पुल निर्माण के कार्य तेजी से धरातल पर उतरेंगे। राज्य शासन ने इसके लिए तैयारियां पूरी करते हुए 672 करोड़ 22 लाख 30 हजार रुपए के 24 महत्वपूर्ण कार्यों की निविदाओं को मंजूरी दे दी है। इनमें नई सड़कों और पुलों के निर्माण के साथ मौजूदा सड़कों के उन्नयन, चौड़ीकरण, मजबूतीकरण, विद्युतीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग ने संबंधित अधिकारियों को चयनित ठेकेदारों एवं निर्माण एजेंसियों को यथाशीघ्र कार्यादेश जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश में मजबूत सड़क एवं पुल अधोसंरचना का निर्माण राज्य सरकार की विकास प्राथमिकताओं में शामिल है। बेहतर सड़कें गांवों और शहरों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत करने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य आवश्यक सेवाओं तक लोगों की पहुंच को सुगम बनाती हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से आवागमन बेहतर होगा और व्यापार, पर्यटन सहित स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वीकृत परियोजनाओं का लाभ लोगों तक जल्द पहुंचे, इसके लिए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए और निर्माण की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़क और पुल अधोसंरचना के विस्तार के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम कर रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेशभर में 24 महत्वपूर्ण कार्यों की निविदाओं को मंजूरी दी गई है। अधिकारियों को कार्यादेश जारी कर बरसात के बाद निर्माण कार्यों को तत्काल गति देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा, जिससे प्रदेशवासियों को बेहतर, तेज और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा मंजूर 24 कार्यों में नई सड़कों के सात कार्य, पुल एवं पहुंच मार्गों के दो कार्य, सड़कों के उन्नयन के तीन कार्य तथा चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के 12 कार्य शामिल हैं।

लोक निर्माण विभाग ने दुर्ग जिले में पुलगांव पुल मुख्य मार्ग से अंजोरा-रसमड़ा राज्य मार्ग में पुल-पुलिया सहित 5.28 किलोमीटर फोरलेन सड़क के निर्माण के लिए 28 करोड़ 2 लाख 70 हजार रुपए की निविदा को मंजूरी दी है। धमतरी जिले में राजनांदगांव-गुंडरदेही-धमतरी-नगरी सिहावा-बोराई राज्य मार्ग के आमदी नगर पंचायत में 3.50 किलोमीटर फोरलेन गौरव पथ के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 19 करोड़ 26 लाख 10 हजार रुपए की निविदा स्वीकृत की गई है।

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में पुल-पुलियों सहित आठ किलोमीटर फोरलेन परिक्रमा पथ के लिए 46 करोड़ 22 लाख 8 हजार रुपए, बिलासपुर जिले में 17.61 किलोमीटर झाल से नगपुरा मार्ग के लिए 29 करोड़ 91 लाख 92 हजार रुपए, महासमुंद जिले में पुल-पुलियों सहित 6.50 किलोमीटर सल्डीह-बहादुरपुर मुख्य जिला मार्ग के लिए 11 करोड़ 27 लाख 98 हजार रुपए, बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में 7.60 किलोमीटर सिविलदाग-नीलकंठपुर सड़क के लिए 14 करोड़ 13 हजार रुपए तथा रायगढ़ जिले में 3.40 किलोमीटर उर्दना-कृष्णापुर-खैरपुर मार्ग के लिए 13 करोड़ 74 लाख 29 हजार रुपए की निविदा को मंजूरी दी गई है।

राज्य शासन ने बिलासपुर जिले में लोधीपारा (सरकंडा)-कोनी मार्ग में अरपा नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए 17 करोड़ 63 लाख 32 हजार रुपए तथा चोरहादेवरी-परसदा मार्ग में खारून नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए 7 करोड़ 68 लाख 16 हजार रुपए की निविदा को स्वीकृति प्रदान की है। इन पुलों के निर्माण से संबंधित क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और स्थानीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

गांधी जयंती पर चित्रोत्पला फिल्म सिटी परिसर में वृहद पौधारोपण अभियान

रायपुर ■ दैनन्दिनी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा नवा रायपुर स्थित प्रस्तावित चित्रोत्पला फिल्म सिटी परिसर में वृहद पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत परिसर के विभिन्न हिस्सों में लगभग 1,000 पौधों का रोपण किया गया। टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारियों ने अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए स्वयं पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



पौधारोपण अभियान में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा, सिंचाई, नियमित देखरेख और सर्वाइवल सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा पौधों के संरक्षण एवं आगामी देखरेख की व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की गई।

घर का दरवाजा हटाने को लेकर भी मारपीट

महासमुंद। बसना में कार पर सीमेंट का छींटा पड़ने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। वहीं, घर का दरवाजा हटाने की बात पूछने पर एक युवती के साथ भी मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर बसना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार बसना निवासी विजय कुमार पटेल ने शिकायत दर्ज कराई कि 29 सितंबर की सुबह करीब 9.30 बजे वह घर से कार्यालय जाने के लिए निकला था। इस दौरान उसकी कार पर सीमेंट का छींटा लगा हुआ था।

सेवा सेतु शिविर में वन मंत्री केदार कश्यप ने हितग्राहियों को सौंपी आवास की चाबी, वनाधिकार पत्र और योजना सहायता

रायपुर ■ दैनन्दिनी

सेवा संकल्प अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भैरमगढ़ में आयोजित सेवा सेतु शिविर में दूरस्थ अंचलों से पहुंचे ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवास की चाबी, व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र, विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र, प्रमाण-पत्र एवं विभिन्न योजनाओं के तहत दी जाने वाली सहायता प्रदान की।

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को जोड़ने के साथ उनकी पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करना है। श्री कश्यप ने कहा कि लंबे समय तक नक्सलवाद से प्रभावित रहे बीजापुर में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में अनेक चुनौतियां रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के



नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के संकल्प और सुरक्षा बलों के अदम्य शौर्य और प्रयासों से बीजापुर सहित देश को नक्सल मुक्त घोषित किया गया है। अब जिले में अब शांति, सुरक्षा और विकास का नया वातावरण बना है तथा विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पक्के आवास की चाबी और पात्र परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति पत्र दिए गए। वनवासियों को व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, श्रमिक पंजीयन पत्र तथा छात्रवृत्ति संबंधी सहायता दी गई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्व-सहायता समूहों को ऋण एवं आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में स्वच्छता के क्षेत्र में योगदान देने वाली स्वच्छाग्राही दीदियों और शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं देने वाले शिक्षा दूतों को सम्मानित किया गया। नक्सल हिंसा में मृत शिक्षा दूतों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित नुक्कड़ नाटक, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्र दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए पारंपरिक गोद भराई कार्यक्रम आयोजित कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, विद्युत और आदिवासी विकास सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। पात्र हितग्राहियों को यथासंभव मौके पर ही योजनाओं से लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक उपचार और चिकित्सकीय परामर्श भी उपलब्ध कराया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा, कलेक्टर श्री विश्वदीप, पुलिस अधीक्षक श्री उमेश प्रसाद गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

कर्मचारी नेता स्व.अनिरुद्ध सिंह ठाकुरजी की 35वीं पुण्यतिथि पर हुए विविध आयोजन







रायपुर ■ दैनन्दिनी

कर्मचारी नेता स्व.अनिरुद्ध सिंह ठाकुर जी के 35वी पुण्यतिथि पर कुशालपुर, रायपुर (छ.ग.) में स्थित ठाकुर अनिरुद्ध सिंह शासकीय प्राथमिक शाला में उनके सुपुत्र सुभाष सिंह ठाकुर द्वारा उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर समाज और कर्मचारी जगत के लिए किये गए उनके कार्यो और बलिदान को याद किया गया एवं शाला के विद्यार्थियों को आंशिक नेवता भोज कराया गया ।

कार्यक्रम में प्रधान अध्यापका श्रीमती अन्नपूर्णा महानंद, पूर्व प्रधान अध्यापक श्री जे.आर.धीवर, शिक्षिका श्रीमती पूजा कतलम, श्रीमती गरिमा साकार, श्री पुरन दास बंजारे, श्री डॉक्टर प्रसाद साहू आदि शिक्षक व शाला समिति के सदस्य उपस्थित रहे ।

:- संपादकीय :-

महिला सुरक्षा का संकट

यह हमारे लोकतंत्र की विडंबना है कि कार्यपालिका की लचर कार्यशैली के चलते गाहे-बगाहे न्यायालय को उन मामलों में हस्तक्षेप करना पड़ता है, जिनका दायित्व निभाना सरकारों का काम है। वैसे कहने को तो पूरे देश में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा के लिये तमाम कायदे-कानून बनाए गए हैं। लेकिन जब इन कानूनों व योजनाओं को हकीकत में अमलीजामा पहनाने की बात सामने आती है तो जवाबदेही का अंतर साफ नजर आता है। हाल के दिनों में दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म के मामलों पर स्वतः संज्ञान लेकर शीर्ष अदालत ने इस कड़वी हकीकत को उजागर कर दिया। इन मामलों में शीर्ष अदालत ने सिर्फ यही नहीं पूछा कि ये संगीन अपराध क्यों हुए, बल्कि यह भी जानना चाहा कि इन अपराधों को रोकने के लिये बनाया गया सिस्टम क्या हकीकत में कुछ काम करता है? कोर्ट का सवाल था कि क्या वास्तव में आपातकाल में मदद करने वाली हेल्पलाइन तुरंत जवाब देती है? क्या सीसीटीवी कैमरे पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रहे हैं? क्या महिलाओं के लिये असुरक्षित समझी जाने वाली जगहों को पहचान करके वहां पेट्रोलिंग की जाती है? क्या महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिये बने डेटाबेस, महिलाओं के लिये हेल्प डेस्क और जांच करने में मददगार ट्रैकिंग सिस्टम का कारगर तरीके से प्रयोग हो रहा है? शीर्ष अदालत का यह सवाल तार्किक है कि जब ये सिस्टम फेल हो जाता है तो विफलता के लिये किसी की जवाबदेही तय की जाती है? निस्संदेह, अदालत ने तंत्र की दुखती रग पर हाथ रखा है। सही मायने में ये सवाल हर किसी को परेशान करने वाले हैं। यह हकीकत है कि देश में नये-नये सुरक्षा कार्यक्रमों की घोषणा करने, पोर्टल, हेल्पलाइन और कमेटियां बनाने में तो कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाती है, लेकिन सवाल यह है कि क्या किसी समस्या के निस्तारण के लिये कोई सिस्टम या मैकेनिज्म बना देना ही कर्तव्यों की इतिश्री मान लिया जाए?उल्लेखनीय है कि अक्सर आम लोगों द्वारा शिकायत की जाती रही है कि सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सड़कों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं होती, सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह से काम नहीं कर रहे होते हैं। वहीं दूसरी ओर इस बाबत की गई शिकायतें अक्सर फाइलों में उलझकर रह जाती हैं। कहने को ऐसे अपराधों को रोकने वाला सिस्टम फाइलों में तो दर्ज होता है, लेकिन जब वास्तव में किसी व्यक्ति को इसकी जरूरत होती है, तो यह हमेशा की तरह नदारद मिलता है। ऐसे में देश की शीर्ष अदालत द्वारा सुरक्षा उपायों के ऑडिट, व्यवस्था की कमजोरियों की पहचान, किसी घटना के होने पर प्रतिक्रिया देने के समय और कार्यक्षमता के मूल्यांकन पर जोर देना, एक स्वागत योग्य कदम ही कहा जायेगा। सही मायने में ऐसे मामलों में सिर्फ पुलिस को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। ऐसे में सड़कों में स्ट्रीट लाइट न होने पर म्युनिसिपल एजेंसियां, ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी, प्रशासक, तकनीक उपलब्ध कराने वाले विभाग और न्याय व्यवस्था आदि सभी सुरक्षा श्रृंखला का हिस्सा हैं।

सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट के लिए भारत को मजबूत राजनयिक प्रयास करने होंगे

ललित गर्ग ।

भारत के लिए समर्थन लगातार बढ़ रहा है, जिसमें अफ्रीकी संघ जैसी संस्थाओं का समर्थन शामिल है, जिसने यह सुनिश्चित करने के लिए स्थायी सीट की मांग की है कि यू.एन.एस.सी. अफ्रीकी हितों और दृष्टिकोणों का पर्याप्त रूप से प्रतिनिधित्व करे। फिर भी, स्थायी सदस्यता का मार्ग जटिल है और इसके लिए वर्तमान स्थायी सदस्यों के बीच सावधानीपूर्वक बातचीत और आम सहमति बनाने की आवश्यकता है। यह बोली क्षेत्रों में, विशेष रूप से ग्लोबल साऊथ, ओ.आई.सी. सदस्यों, एस.सी.ओ. देशों, अफ्रीकी राज्यों, द्वीपीय देशों और प्रमुख पश्चिमी भागीदारों के बीच भारत की राजनयिक पहुंच का परीक्षण करेगी।- इस रणनीतिक जुड़ाव में ग्लोबल साऊथ देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने, सामूहिक विकास को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सांझी चुनौतियों का समाधान करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को उजागर करना शामिल है। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत करता है क्योंकि उसका मानना है कि वर्तमान ढांचा अब 21वीं सदी की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करता। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यू.एन.एस.सी.) में स्थायी और अस्थायी दोनों सीटों के लिए मुहिम चला रहा है। स्थायी सीट हासिल करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के ढांचे में महत्वपूर्ण बदलावों की आवश्यकता है, जो धीमी गति से आगे बढ़ रहे हैं। भारत को ह्यग्लोबल साऊथह्न और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख आवाज के रूप में देखा जाता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर, जो संयुक्त राष्ट्र की बैठक के लिए न्यूयॉर्क में हैं, ने इस साल अस्थायी सीट के लिए अभियान शुरू किया है। अगस्त 1950 में, अमरीका ने अपने राजदूत के माध्यम से भारत को यू.एन.एस.सी. में चीन की जगह भारत को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने पर विचार करने का प्रस्ताव दिया था। कहा जाता है कि नेहरू ने इस सुझाव को खारिज कर दिया था, जिससे भारत ने स्थायी सदस्यता का मौका गंवा दिया। नई दिल्ली अपनी विदेश नीति के लक्ष्यों के तहत पिछले 30 वर्षों से इस सीट के लिए काम कर रही है। वर्षों से, कई देशों ने भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किया है, उसकी बढ़ती हुई प्रभाव क्षमता, बड़ी जनसंख्या और शांति स्थापना में योगदान को मान्यता दी है। हालांकि, यू.एन.एस.सी. के ढांचे को बदलना जटिल है क्योंकि इसके लिए वर्तमान 5 स्थायी सदस्यों-अमरीका, रूस, चीन, फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम की सर्वसम्मत सहमति की आवश्यकता होती है। भारत का मानना है कि वर्तमान यू.एन.एस.सी. ढांचा अब आधुनिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करता। इसका तर्क है कि सबसे बड़े लोकतंत्र और बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में इसकी स्थिति इसे एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनाती है। शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में उसकी महत्वपूर्ण भागीदारी के माध्यम से दिखाई देती है, जहां उसने स्थिरता बनाए रखने में मदद करने के लिए कई कर्मियों को भेजा है।भारत को मजबूत राजनयिक प्रयासों में संलग्न होने की आवश्यकता होगी, क्योंकि ताजिकिस्तान भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एशिया-प्रशांत अस्थायी सीट के लिए होड़ कर रहा है। इस्लामिक सहयोग संगठन (ओ.आई.सी.) से ताजिकिस्तान को मिलने वाला समर्थन भारत के लिए प्रतिस्पर्धा को और कठिन बना सकता है। अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए, भारत को फिजी, अमरीका, ऑस्ट्रिया तथा श्रीलंका से परे और अधिक समर्थन की आवश्यकता है। चुनाव साल में एक बार गुप्त मतदान के माध्यम से होते हैं और इसके लिए दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है, भले ही उम्मीदवार निर्विरोध हों।कुछ यूरोपीय देश यू.एन.एस.सी. के लिए भारत की बोली का समर्थन करते हैं।

हालांकि चुनौतियां बनी हुई हैं, जिसमें कितनी नई सीटें जोडती हैं और उन नए सदस्यों के लिए वीटो पावर के विवादास्पद प्रश्न पर असहमति शामिल है। विभिन्न देशों के समर्थन के बावजूद, भारत को नई सीटों और वीटो पावर को लेकर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यह एक ऐसे प्रस्ताव का पक्षधर है, जो शुरू में नए स्थायी सदस्यों के लिए वीटो अधिकारों को बाहर करता है, जिससे मौजूदा सदस्यों की चिंताओं को संबोधित किया और साथ ही निष्पक्ष प्रतिनिधित्व को बढ़ावा दिया जा सके।जैसा कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसदीय सत्रों में दोहराया है, भारत यू.एन.एस.सी. सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता में सक्रिय रूप से लगा हुआ है। भारत यू.एन.एस.सी. के विस्तार के लिए व्यापक समर्थन जुटाने के लिए काम कर रहा है। इस रणनीतिक जुड़ाव में ग्लोबल साऊथ देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने, सामूहिक विकास को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सांझी चुनौतियों का समाधान करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को उजागर करना शामिल है। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत करता है क्योंकि उसका मानना है कि वर्तमान ढांचा अब 21वीं सदी की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करता। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कई यूरोपीय देशों ने भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किया है, इसे परिषद के भीतर प्रतिनिधित्व में विविधता लाने के एक तरीके के रूप में देखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुधार की तत्काल आवश्यकता के बारे में विशेष रूप से मुखर रहे हैं, उन्होंने सीट आबंटन और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के दावों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर दिया है। हालांकि, सुधार प्रक्रिया को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है क्योंकि कोई एकीकृत वार्ता पाठ मौजूद नहीं है और विस्तारित सदस्यता और वीटो पावर के विवादास्पद मुद्दे पर विवाद जारी है। कई देशों से मजबूत समर्थन के बावजूद, महत्वपूर्ण चुनौतियां बनी हुई हैं। इन चुनौतियों के केंद्र में नई सीटों के आबंटन और अतिरिक्त सदस्यों को वीटो पावर का उपयोग करने की अनुमति देने के निहितार्थों पर विवादास्पद चर्चाएं हैं।

फिर भी, भारत स्थायी सदस्यता की वकालत करना जारी रखे हुए है, वैश्विक शासन और शांति और सुरक्षा के उन सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त करता है, जिन्हें यू.एन.एस.सी. को बनाए रखना है।

राशिफल

मेष राशिः आज आपके लिए दिन फायदेमंद रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर होगी। कार्यक्षेत्र में आपको बेहतर अवसर मिलने की संभावना है। व्यापारियों को व्यापार से रिलेटेड यात्रा होने के योग हैं। इस यात्रा से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आज आप धन की बचत करने में कामयाब रहेंगे।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने प्रियजनों और परिवार के बड़ों से सलाह लेकर ही कोई व्यवसाय से संबंधित निर्णय लेंगे। किसी तरह के पैसों के लेन-देन में आज आपको सावधानी बरतने की जरूरत है।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन पॉजिटिव रहेगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों को व्यापार में बड़े लाभ की उम्मीद है। नई व्यापारिक योजनाएं बनाने में कामयाब रहेंगे। आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी कोई इच्छा पूरा होने से पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। आप उच्च शिक्षा के लिए हाई प्रोफाइल संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। परिवार में किसी शुभ कार्य पर आप धन खर्च करेंगे।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका दिन लकी रहने वाला है। आप व्यापार शुरू करने का मन बनाएंगे, जिसमे परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी, आज किसी प्रकार की बिजनेस डील हो सकती है। जिससे आप बहुत खुश होंगे। घर के कार्यों में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। लवमेट्स के बीच चल रही अनबन आज समाप्त होगी।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आपके लिए आज का दिन बढ़ि?या रहेगा। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। आज आपके व्यापार में उन्नति होने के योग बने हुये है। किसी पारिवारिक समस्या का आज समाधान निकालने में सफल होंगे, परिवार के सदस्यों में ताल-मेल बढ़ेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए आज आप कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। प्रतियोगी परीक्षार्थियों को सफलता मिलने के योग है।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा। आपको अपने कुछ पुराने मित्रों से मेल-जोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र क्षेत्र में दी गई जिम्मेदारियों को आज आप बखूबी निभाएंगे। अपने सीनियर्स के साथ कुछ पुरानी यादों को ताजा करेंगे।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आपको किसी प्रकार के लेन-देन के मामले में स्पष्टता रखनी होगी। संतान के करियर में विशेष उपलब्धि मिलने से आपको खुशी मिलेगी। काफी दिनों से स्टार्टअप शुरू करने का प्लान पूरा करने में कामयाब रहेंगे। आज आप एक अच्छे टीम लीडर साबित होंगे। आज आपको किसी भी बात को लेकर बहुत अधिक सोच-विचार करने से बचना होगा।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को कोई अच्छी उपलब्धि मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनेगी। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का ऑफर आयेगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपको नौकरी से रिलेटेड कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा। जिसकी आपको प्रतीक्षा थी। जीवनसाथी की ओर से कोई उपहार मिलने से पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप परिवार के साथ कहीं यात्रा पर जाएंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी दोस्त की मदद से अच्छी जॉब मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को समाज में मान-सम्मान प्राप्त होगा।

कुम्भ राशिः आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। कार्य स्थल पर आपके काम की सराहना होगी। मीडिया और जन संचार से जुड़े लोगों को उनके काम के लिए प्रसिद्धि मिलेगी। अगर आप लेखक है और कोई किताब लिखना चाह रहे हैं तो समय अनुकूल है। सेहत के मामले में आज आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे।

मीन राशिःमीन राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आप धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए है,

सू- दोकू क्र.177

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.176 का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2

नजरिया | धनंजय राठौर

बस्तर के जनजातीय बच्चे देश को दिखा रहे नई राह



दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा जिले में जावंगा स्थित अटल बिहारी वाजपेयी एजुकेशन सिटी आज जनजातीय बच्चों के लिए शिक्षा, कौशल, खेल और आत्मविश्वास का बड़ा केंद्र बन चुकी है। इस एजुकेशन सिटी ने हिंसा और गरीबी से जूझते जनजातीय बच्चों की किस्मत ही बदल दी। कभी दूरस्थ गांवों के बच्चों के सामने सुरक्षित शिक्षा और आगे बढ? के अवसर की बड़ी चुनौती थी। आज यहां की बेटियां नीट पास कर डॉक्टर बनने की राह पर हैं, युवा एसएंडपी ग्लोबल जैसी बड़ी वैश्विक कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं और खिलाड़ी मैदान परअपनी प्रतिभा निखार रहे हैं। यह उन बच्चों की कहानी है, जिन्होंने हर चुनौती को मात देकर खुद को साबित किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के जावंगा (एजुकेशन सिटी) में 9 मई 2015 को आए थे, जहाँ उन्होंने एजुकेशन सिटी का निरीक्षण किया था और छात्रों से बातचीत की थी।150 एकड़ में फैला सपनों का शहर अटल बिहारी वाजपेयी एजुकेशन सिटी छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल है।यहां स्कूल शिक्षा, आवासीय शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा से जुड़े विभिन्न संस्थान संचालित हैं। यह एजुकेशन सिटीशैक्षिक गतिविधियों तक ही सीमित नहीं है, यहएक पूरी दुनिया है। करीब 150 एकड़ में फैले इस परिसर में 43 शैक्षणिक और आवासीय संस्थाएं चल रही हैं। यहां 7,436 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, जिनमें 4,692 बालिकाएं शामिल हैं। इनमें से 5,370 बच्चे यहीं छात्रावासो में रहकर पढ़ाई करते हैं। दूर-दराज के जंगलों और गांवों से आए इन बच्चों को सुरक्षित घर, खाना, पढ़ाई और मार्गदर्शन सब कुछ एक ही छत के नीचे मिल रहा है।इसकी वजह से स्कूल ड्रॉप-आउट की दर 50त्न से घटकर महज 13त्न रह गई है। वो बेटियां जिनके गांवों में कभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं था, आज उन्हीं इलाकों की बेटियां नीट-यूजी पास कर डॉक्टर बनने की कतार में खड़ी हैं। छू लो आसमान कन्या आवासीय कोचिंग सेंटर, कारली की कई छात्राओं ने इस साल नीट-यूजी में सफलता पाई है। इन्हें राज्य के शासकीय मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, आयुर्वेद, दंत चिकित्सा और पशु चिकित्सा में दाखिला मिला है। परीक्षा पास करने के साथ ही यह उन परिवारों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जिन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि उनकी बेटी 'डॉक्टर बेटी' कहलाएगी। डिजिटल शिक्षा की दिशा में यहां के नवगुरुकुल का प्रयास भी प्रेरक है। यहां युवाओं को आधुनिक डिजिटल कौशलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस केंद्र से प्रशिक्षित लगभग 100 युवा डेटा एनालिटिक्स और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। नवगुरुकुल की एक छात्रा का चयन एसएंडपी ग्लोबल में डेटा एनालिटिक्स के पद पर हुआ है। यह उपलब्धि बताती है कि बस्तर की प्रतिभा अब देश की बड़ी कंपनियों तक पहुंच रही है। आईटीआई में डीजल मैकेनिक, फिटर, वेल्डर और इलेक्ट्रिकल जैसे ट्रेड में प्रशिक्षण लेने वाले 95 फीसदी छात्र जनजातीय समुदाय से हैं।मैदान में निखर रही खेल प्रतिभाएं:एजुकेशन सिटीमें पढ़ाई के साथ खेल प्रतिभाओं को भी निखारा जा रहा है। यहां के 'एकलव्य खेल परिसर' में ओलंपिक स्तर का स्विमिंग पूल, हॉर्स राइडिंग, तीरंदाजी और इंडोर स्टेडियम जैसी बेहतरीन सुविधाएं मौजूद हैं।'खेलो इंडिया' से जुड़े इस परिसर में करीब 4,000 आदिवासी बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं। ये बच्चे सिर्फ खेल नहीं सीख रहे, बल्किइनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और जीतने का जज्बा पैदा हो रहा है।बेटियों की पढ़ाई को पहली प्राथमिकताःजावंगा एजुकेशन सिटी की सबसे बड़ी खूबी बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान है। यहां कन्या विद्यालयों और छात्रावासों के जरिए ग्रामीण बेटियां सुरक्षित माहौल में पढ़ रही हैं।'स्वामी आत्मानंद स्कूल' में लगभग 1200 छात्राएं कला, विज्ञान और वाणिज्य की उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। यहां बेहतरीन आवास, भोजन, लाइब्रेरी और लैब जैसी सुविधाओं ने अभिभावकों का भरोसा जीता है।

विचार

असल जिंदगी में दबाव की राजनीति का हश्र

दबाव का तरीका असल ज़िंदगी में कभी भी काम नहीं करता- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को यह पता है और हमारे प्रधानमंत्री मोदी को भी। यह बात अमेरिका द्वारा भारत पर रूस से व्यापार रोकने के लिए बनाए जा रहे दबाव के मामले में प्रासंगिक है। भारतीय विदेश नीति देशहित से प्रेरित और स्वतंत्र है। पंजाब की सियासत में भाजपा की चुनावी रणनीति को लेकर भी यही उसूल लागू होगा। पिछले हफ़्ते वॉशिंगटन डीसी और पंजाब से आई दो खबरों ने दबाव बनाने का मतलब निस्संदेह साफ कर डाला है- एकदम द मर्चेंट ऑफ वेनिस के शाइलॉक और एंटोनियो जैसा तो नहीं, लेकिन कुछ-कुछ वैसा ही।पहली खबर ट्रंप के वाशिंगटन डीसी से आई लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट-2026 को लेकर है, जिसमें भारत जैसे देशों को रूस के साथ व्यापार जारी रखने पर सौ प्रतिशत तक अतिरिक्त कर लगाने की धमकी दी गई है। अगर ट्रंप ने खुद शेक्सपीयर पढ़ा होता, तो उन्हें अब तक पता चल गया होता कि ऐसा नहीं करना चाहिए। मोदी अभी-अभी एक बड़ा शिखर सम्मेलन संपन्न करवा कर हटे हैं जिसमें दुनिया के तीन सबसे ताकतवर नेताओं में से दो, व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग, दोनों ने हिस्सा लिया था। अखबार इस बात से पटे पड़े हैं कि किस तरह पिछले छह महीनों में ईरान के खिलाफ अमेरिका-इस्त्राइल युद्ध शुरू होने के बाद से, भारत के कुल तेल आयात का 51 फीसदी रूस से आया है।

हमारे सेनाध्यक्ष गत सप्ताह ज्यादातर समय रूस में रहे, नए हथियारों के सौदों पर बातचीत के सिलसिले में।अगर ट्रंप रूस-ईरान टैरिफ कानून पर साइन कर देते हैं तो उन्हें क्या लगता है कि इससे मोदी पर किसी किस्म का दबाव बन पाएगा? क्या उन्हें लगता है कि भारत डर के मारे पीछे हट जाएगाझकुछ-कुछ रोते-बिलखते और नाक सिकोड़ते हुए एंटोनियो की तरह, इससे पहले कि पोर्शिया आकर शाइलॉक का खेल पलट देझ और भारत रूस के साथ अपने बहुपक्षीय रिश्ते खत्म कर देगा? फिर यहां पंजाब में भाजपा है, जो इस सूबे में भी अपने प्रभाव का विस्तार करना चाहती है, जो कि एक तरह से दबाव ही है, इस उम्मीद से कि इस सीमावर्ती राज्य के लोग आगामी विधानसभा चुनाव में उसे अपना प्यार देकर नवाजेंगे।

प्रहसन की राजनीति में मसखरी का अस्त्र

लोकतंत्र के मुखौटे के पीछे राजतंत्र का चेहरा छुपा है। लोकतंत्र तो खेत में डंडे के बल खड़ा बिजूका है। शब्द का मायाजाल भर है।मन में दबी इच्छा कभी इतनी तीव्र हो जाती है कि मन की भड़ास निकालने के लिए आदमी गली-गली, नुक्कड़ और चौराहे पर कपड़े फाड़ता नजर आता है। ह्यूमन नेचर है। कभी गाली देकर तसल्ली कर लेता है, कभी पत्थर चलाता है। कभी सामने वाले के घर की खिड़की-दरवाजों के कांच फोड़ देता है। खंभा नोचने जैसी बात है। राजनीति में यह काम बिना नाम लिए किया जाता है। इस लिहाज से मसखरे का सहारा लिया जाता है। किसी बेरोजगार के लिए यह धंधा पकौड़े या भजिए तलने से ज्यादा अच्छा है। इसके अलावा पब्लिसिटी भी मिलती है। जमाना भी पब्लिसिटी का है।सबसे सस्ता, सरल और टिकाऊ धंधा है मसखरी का। पहले भी होते थे मसखरे, पर शालीनता के साथ कॉमेडी करते थे। पर जमाने के साथ उनका रूप बदल गया। अब मसखरे नहीं कहते उन्हें। स्टैंड-अप कॉमेडियन कहा जाता है। और भाई, कॉमेडी में बोलने की पूरी आजादी है। जितना चाहो कीचड़ उछालो। इसमें बुरा मानने की कोई बात नहीं है।परंतु मसखरे और विषय का चयन महत्वपूर्ण होता है कॉमेडी में। फिर भी मसखरे को स्टैंड-अप कॉमेडियन कहना आजकल उसे सम्मानित करने जैसा है। और यह कार्य अंग्रेजी जैसी जेंटलमैन भाषा में आसानी से किया जा सकता है। मसखरे को बदलते दौर में मसखरा कहना उसकी शख्सियत में पलीता लगाने जैसा है। स्टैंड-अप कॉमेडियन कहने भर से समझ लो, मसखरा सातवें आसमान पर। आसमान का तारा। आजकल सड़क से लेकर संसद तक और पब्लिक मंचों पर कॉमेडी ही ज्यादा चल रही है। अपने दिल की भड़ास निकालना हो तो एक कॉमेडियन यानी मसखरे को हायर कर स्टेज पर खड़ा कर दो। जो बात खुद से नहीं कही जा रही हो, वह वाया कॉमेडियन जनता तक पहुंचा दो।वैसे भी नेताओं के भाषण में अब कुछ सार तो बचा भी नहीं है। वही हवा, पानी, सड़क, अमीरी और गरीबी के सिवाय। कभी अडानी पर सुन लो तो कभी अंबानी पर। कभी ईवीएम पर तो कभी इलेक्शन कमीशन पर। नेता के सौ खून माफ। जो कुर्सी पर काबिज है, वह अंत तक छोड़ना नहीं चाहता। और जो सड़क पर है, वह येन-केन-प्रकारेण कुर्सी हथियाना चाहता है।

लोकतंत्र के मुखौटे के पीछे राजतंत्र का चेहरा छुपा है। लोकतंत्र तो खेत में डंडे के बल खड़ा बिजूका है। शब्द का मायाजाल भर है। अपने मुंह से कुछ न कह सको तो वृहन्नला जैसा कॉमेडियन तो है ही। खड़ा कर दो स्टेज पर। महाभारत में भी वृहन्नला की आड़ में तीर चले थे।

शब्द सामर्थ्य -177


(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 176 का हल

पं	क्ति	■	स्वा	द	■	स	ब	ब
जा	■	सु	हा	ना	■	■	ली	द
ब	हु	धा	■	द	ल	ना	■	ल
■	■	क	मा	न	■	ग	ह	ना
भं	व	र	■	■	■	वा	म	■
गी	त	■	म	ज	बू	र	■	ट
■	न	म	स्का	र	■	■	■	र
■	■	र्या	■	■	बी	■	ना	का
सं	वि	दा	■	ब	स	च	ल	ना

भोरमदेव मंदिर परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता का दिया संदेश

कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों और ग्रामीणों ने की साफ-सफाई, जनभागीदारी से स्वच्छता का संकल्प





-विकाश शुक्ला

कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल भोरमदेव मंदिर परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

श्रमदान कार्यक्रम के दौरान भोरमदेव मंदिर परिसर के साथ ही मंदिर के सामने स्थित तालाब, पार्किंग स्थल, पार्क एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई की गई। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वयं सफाई कार्य में हिस्सा लेकर लोगों को सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

स्वच्छता को जीवनशैली बनाने की जरूरत : कलेक्टर

कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन या किसी विशेष अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जिले में स्वच्छता, सेवा और जनभागीदारी की भावना को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भोरमदेव जैसे ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं धार्मिक स्थलों की स्वच्छता और संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जनभागीदारी से किये गए ऐसे श्रमदान कार्यक्रम लोगो में स्वक्षता के प्रति जागरूकता पैदा करने के साथ साथ अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर वन्य जीव सप्ताह का ओपचारिक शुभारंभ भी किया गया।अधिकारियों ने वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण ,प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा मानव-वन्यजीव सह अस्तित्व तथा वन्यजीव संरक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया गया।साथ ही महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों से चर्चा कर उनकी आजीविका गतिविधियों वन संरक्षण में सहभागिता तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध वन संशाधनों पर आधरित रोजगार की संभावनाओ के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

डबरी निर्माण से किसान की बदली किस्मत, खेती को मिली नई उम्मीद

जगदलपुर (दैनंदिनी ब्यूरो)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) ग्रामीण अंचलों में आजीविका संवर्धन और जल संरक्षण की दिशा में निरंतर प्रभावी भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में बस्तर जिले के विकासखंड बकावंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसमी में मनरेगा के तहत निर्मित एक डबरी स्थानीय किसान के जीवन में नई खुशहाली लेकर आई है। ग्राम कोसमी निवासी किसान अनुज पिता रामसिंह के परिवार का जीवन पूरी तरह खेती-किसानी पर ही निर्भर रहा है। पहले उनके खेत में वर्षा जल को सहेजने का कोई साधन उपलब्ध नहीं था। इस कारण बरसात का पानी बहकर व्यर्थ चला जाता था और मानसून बीतते ही खेतों में नमी की भारी कमी होने लगती थी। सिंचाई का कोई स्थायी प्रबंध न होने से उन्हें फसल उत्पादन के लिए केवल मौसमी बारिश पर ही आश्रित रहना पड़ता था, जिससे अक्सर फसलों को नुकसान उठाना पड़ता था। किसान की इस समस्या को दूर करने के लिए मनरेगा योजना के अंतर्गत लगभग दो लाख 98 हजार रूपए की लागत से 25×25 मीटर आकार की डबरी निर्माण कार्य को मंजूरी दी गई। 05 जनवरी 2025 को शुरू हुआ यह निर्माण कार्य 19 अप्रैल 2025 को सफलता से पूरा कर लिया गया, जिसके माध्यम से स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को 750 से अधिक मानव दिवस का सीधा रोजगार भी मिला। डबरी के निर्माण के साथ ही वर्षा का पानी सीधे किसान के खेत के पास ही संचित होने लगा है। इस स्थायी जल संरचना ने न केवल खेत की मिट्टी में नमी के स्तर को बनाए रखा है, बल्कि जरूरत के समय फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी भी सुलभ कराया है। कृषि कार्यों के अलावा अब मवेशियों के लिए भी पानी की व्यवस्था आसान हो गई है। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लाभार्थी किसान अनुज ने बताया कि डबरी बन जाने से अब बरसात का पानी सीधे उनके खेत के समीप रुकता है, जिससे खेती के लिए पानी की बेहतर व्यवस्था हो सकी है और उन्हें आगामी फसलों के लिए नई उम्मीद व हौसला मिला है। उन्होने बताया कि अब रबी सीजन में डबरी से सिंचाई कर साग-सब्जी की खेती करेंगे और अपनी अतिरिक्त आय में बढोतरी कर सकेंगे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानीन दीदी का सम्मान, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन

गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के सेवा कार्यों के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-7, शिक्षक नगर गरियाबंद में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं, बच्चों एवं आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गरियाबंद श्रीमती मिलेश्वरी साहू उपस्थित रहीं। उनके साथ प्रकाश यादव एवं प्रियंका सोनी भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी कार्यकर्ता दीदी, सहायिका दीदी एवं वार्ड की मितानी दीदी के सम्मान के साथ हुई। अतिथियों ने उनके द्वारा बच्चों, महिलाओं एवं परिवारों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

आंगन मिलन कार्यक्रम के दौरान वार्ड की उपस्थित गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पारंपरिक तरीके से कराई गई। वहीं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। इस अवसर पर बच्चों ने गीत एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए उनके हाथ धुलाए गए और इसके बाद न्योता भोज कराया गया। बच्चों ने सामूहिक रूप से भोजन किया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं उनके समुचित विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।

सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने उपस्थित महिलाओं एवं वार्डवासियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। महिलाओं और बच्चों के लिए संचालित योजनाओं, पोषण, स्वास्थ्य, मातृत्व लाभ एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र हितग्राहियों को आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं का लाभ लेने की अपील की गई।

मिलेश्वरी साहू ने कहा—आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका महत्वपूर्ण

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मिलेश्वरी साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों को पोषण और प्रारंभिक शिक्षा देने का स्थान नहीं हैं, बल्कि यह महिलाओं और परिवारों को शासन की योजनाओं से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान देना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। ऐसे आंगन मिलन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को एक साथ जोड़कर जागरूकता बढ़ाने का कार्य होता है, जो समाज के लिए उपयोगी पहल है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानी दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे लगातार घर-घर तक पहुंचकर महिलाओं एवं बच्चों को आवश्यक सेवाओं और योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रही हैं।

कार्यक्रम में साधना मिश्रा, ललिता द्विवेदी, मीना साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चित्ररेखा लोतरे, प्रियंका, सरिता सेन, नूतन शंगानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

पर्यावरण प्रेमियों और वार्डवासियों ने तालाब की सफाई कर जल संरक्षण का दिया संदेश

गांधी जयंती पर दल्ली राजहरा में मिसाल

बालोद (दैनंदिनी ब्यूरो)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर बालोद जिले के दल्ली राजहरा स्थित नियोगी नगर (वार्ड क्रमांक 15) में जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता का प्रेरक संदेश देने के उद्देश्य से एक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान पर्यावरण प्रेमी प्रदीप साहू तथा टिकेश्वर साहू के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया।

सफाई अभियान के अंतर्गत तालाब में बिखरी गैर-जैविक सामग्रियों, जैसे—प्लास्टिक, पॉलिथीन, थर्माकोल, पुराने कपड़े और अन्य कचरे को एकत्रित कर बाहर निकाला गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को जल निकायों को साफ-सुथरा रखने तथा उनमें किसी भी प्रकार का अपशिष्ट न फेंकने के लिए प्रेरित किया गया। इस श्रमदान अभियान में पर्यावरण प्रेमी प्रदीप साहू, टिकेश्वर साहू, जवाहरलाल प्रजापति, हेमशंकर साहू, जितेंद्र साहू, त्रिवेणी साहू और सोनू यादव सहित वार्ड के अनेक नागरिकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।





आयोजन का मूल ध्येय जनमानस में प्राकृतिक जल निकायों के प्रति संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व का भाव जगाना है। तेजी से बढ़ते जल प्रदूषण और मंडराते जल संकट के दौर में स्थानीय स्तर पर तालाबों का रख-रखाव और स्वच्छता आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस पहल है। अभियान के दौरान टिकेश्वर साहू ने बताया कि हाल ही में गणेश विसर्जन के बाद तालाब में पूजन सामग्री के साथ भारी मात्रा में प्लास्टिक, थर्माकोल और कपड़े जमा हो गए थे। उन्होंने आम जनता से आग्रह किया कि धार्मिक आस्था और परंपराओं का पालन करते हुए भी हमें अपने प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। पूजन सामग्री का विसर्जन इस तरह से किया जाना चाहिए जिससे जल दूषित न हो।

सफाई के समय जब कुछ छोटे बच्चे तालाब में नहाने आए, तब प्रदीप साहू ने उनसे आत्मीय बातचीत कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्त्व समझाया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जल ही जीवन है और इसे बचाना संपूर्ण समाज का सामूहिक कर्तव्य है। आज के बच्चे ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं, इसलिए उनमें बचपन से ही प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी के संस्कार डालना आवश्यक है।

उन्होंने आगे कहा कि गांधी जयंती केवल औपचारिकता न होकर स्वच्छता, श्रमदान और सामाजिक कर्तव्यों को आचरण में ढालने का अवसर है। यदि हर नागरिक अपने आसपास के सार्वजनिक स्थानों और जल स्रोतों को स्वच्छ रखने का संकल्प ले, तो पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी वार्डवासियों ने तालाब को सदैव स्वच्छ बनाए रखने और भविष्य में जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने में अपना निरंतर सहयोग देने की शपथ ली।

वृद्धजनों का अनुभव और आशीर्वाद नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का आधार : लखन लाल

कोरबा। वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में राजीव गांधी इंडोर ऑडोटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठ वंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कार्यक्रम में वरिष्ठजनों एवं वृद्धजनों को शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित करते हुए सभी को वृद्ध जन दिवस की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, महापौर संजू देवी राजपूत, सभापति नगर निगम नूतन सिंह ठाकुर, कलेक्टर कुणाल दुदावत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन, नगर पालिक निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, गोपाल मोदी, डॉ राजीव सिंह, अध्यक्ष सियान सदन जे के तिवारी, अजय चंद्रा, योगेश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा कि माता-पिता तुल्य वृद्धजनों का सम्मान करना गर्व की बात है। उनका सम्मान करना हम सबका दायित्व है। वृद्धजन हमारे मार्गदर्शक एवं अमूल्य संस्कृति के धरोहर है। उनके मार्गदर्शन में ही हम सब आगे बढ़ते है। उनका आशीर्वाद बहुमूल्य धन है। इनका देखभाल सरकार और समाज दोनों की ही जिम्मेदारी है। वृद्धजनों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मंत्री देवांगन ने कहा कि सरकार द्वारा वृद्धजनों हेतु अनेक लाभकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। साथ ही जिले में उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए अनेक कल्याणकारी कार्य किए गए हैं। डीएमएफ से वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है। नगर के सियान सदन में वृद्धजनों की सहूलियत हेतु वातानुकुलित एसी सहित अन्य सुविधा भी सुनिश्चित की जा रही है।

कैबिनेट मंत्री देवांगन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में निरंतर सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 की संकल्पना को पूरा करने का कार्य छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। वृद्धजनों को वृद्धापेंशन से सामाजिक सुरक्षा, व्यवन्दन कार्ड से निःशुल्क स्वास्थ्य इलाज का लाभ दिया जा रहा है।

सेवा यात्रा बाइक रैली का कोरबा जिले में भव्य स्वागत



कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा यात्रा बाइक रैली आज कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ सीमावर्ती क्षेत्र पसान पहुंची। जिले में प्रवेश पर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने रैली का भव्य स्वागत किया। माथे पर तिलक लगाई गई। बाइक रैली में शामिल युवाओं में उत्साह देखा गया। यात्रा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी और विभिन्न स्थानों पर सेवा गतिविधियों में भाग लिया। रैली रात में कटघोरा पहुँची।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर, वृद्धजनों का सम्मान कर शिक्षक दम्पत्ति ने लिया आशीर्वाद

पं ड रि या / क व र्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी तुलस राम चंद्राकर, व्याख्याता एवं श्रीमती यक्ष चंद्राकर, शिक्षिका द्वारा ग्राम महली में वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम के 21 वृद्धजनों को श्रीफल एवं साल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। परिवार के सभी सदस्यों के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम बुजुर्गों के प्रति सम्मान और संस्कार का सुंदर उदाहरण बना।

समाजसेवा बनी व्यक्तित्व की पहचान

तुलस राम चंद्राकर शिक्षा सेवा के साथ लंबे समय से समाजसेवा में भी सक्रिय हैं।



बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के बीच उनके शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यों ने उनकी अलग पहचान बनाई है। शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए किए गए कार्यों और नवाचारों के लिए उन्हें राज्यपाल पुरस्कार सहित विभिन्न सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

समाजसेवा के क्षेत्र में वे वृद्धजन, महिला एवं दिव्यांग सम्मान जैसे आयोजनों के साथ निरंतर जुड़े रहे हैं। वहीं जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को भी विशेष प्राथमिकता देते हुए पौधरोपण, पौधों के संरक्षण तथा जल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाते रहे हैं।

बुजुर्गों का आशीर्वाद सबसे बड़ी पूंजी

इस अवसर पर तुलस राम चंद्राकर ने कहा कि "बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका अनुभव, संस्कार और आशीर्वाद मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा और पूंजी है। इनके आशीर्वाद से ही मुझे शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने की शक्ति मिलती है। मेरा प्रयास है कि जीवनभर शिक्षा, समाजसेवा, पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर योगदान देता रहूं।"

ग्रामवासियों ने शिक्षक दम्पत्ति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सेवा, सम्मान और संस्कार के कार्यों के कारण तुलस राम चंद्राकर ने समाज के विभिन्न वर्गों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

कार्यालय सेनानी 11वीं वाहिनी (भा/र) छ०स०बल, जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

नीलामी की सूचना विज्ञापन

इस इकाई के वाहन शाखा में निम्नानुसार पुराने अनुपयोगी मोटर पार्ट्स / टायर ट्यूब जो जिस हालत में जहाँ भी है की विक्रय हेतु खुली नीलामी (बोली लगाकर) दिनांक- 09/10/26 समय 11:00 बजे दिन शुक्रवार को 11 वाहिनी छसबल (भा/र) जांजगीर-चांपा परिवहन शाखा परिसर में होगी।

क्र.	सामग्री का नाम	पुस्तकीय मूल्य
01	अनुपयोगीय मोटर पार्ट्स	2,99,938.00
02	अनुपयोगीय टायर/ट्यूब /फ्लैप	3,59,842.00

नीलामी की शर्ते :-

01. उक्त सामाग्री इस कार्यलाय के वाहन शाख में जैसी भी स्थिति में हो उठाना पड़ेगा कोई भी सामान छांटकर प्रदाय नहीं किया जायेगा।
02. बोली पुरे लाट की लगाई जाएगी।
03. प्रत्येक बोलीकर्ता को अमानत राशि 2000.00 (दो हजार रूपये मात्र) नगद राशि के रूप में दिनांक 08/10/26 के शाम 17:00 बजे तक जमा करना होगा। अमानत राशि जमा नही करने वाले को बोली बोलने का अधिकार नही होगा।
04. अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार होगा कि किसी भी बोली पर नीलामी समाप्त कर सकता हैं।
05. अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्राप्त उच्चतम बोली स्वीकृत करने हेतु बाध्य नहीं होगा।
06. जिसकी बोली उच्चत्तम होगी उसे स्वीकृत किया जाता है, तो उसी समय बोली की सम्पूर्ण राशि जमा करना होगा राशि जमा नहीं करने की दशा में अमानत राशि राजसात कर दिया जावेगा।
07. सामग्री का विवरण एवं अवलोकन 11 वीं वाहिनी के परिवहन शाखा में कार्यालयीन समय में नीलामी के एक दिन पूर्व तक किया जा सकेगा।
08. सामग्री की ढुलाई क्रेता द्वारा ही किया जावेगा।
09. प्रत्येक बोलीकर्ता को परिवहन शाखा से रू. 200=00 की निविदा फार्म खरीदना अनिवार्य होगा।

सेनानी
11वीं बटा० (भा/र) छ.स.बल
जॉजगीर-चाम्पा (छ०ग०)

जी- 262703687/1

ICC का बड़ा ऐलान, क्रिकेट के बदले नियम

अब बल्लेबाज को समय की बर्बादी पड़ेगी भारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। क्रिकेट में अब बल्लेबाजों की हर देरी पर नजर रहेगी। अगर कोई बल्लेबाज बार-बार अगली गेंद के लिए समय पर तैयार नहीं होता है और खेल में देरी करता है, तो उसे इसकी कीमत अपनी टीम के 5 रन गंवाकर चुकानी पड़ सकती है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी ICC ने क्रिकेट के नियमों में कई बदलाव किए हैं, जो 1 अक्टूबर 2026 से लागू हो गए हैं।



नए नियम के मुताबिक, अगर कोई बल्लेबाज एक पारी में तीन बार समय बर्बाद करता पाया जाता है, तो फील्डिंग टीम को पांच पेनल्टी रन दिए जाएंगे। पहली गलती पर बल्लेबाज को चेतावनी मिलेगी, दूसरी बार अंतिम वॉर्निंग दी जाएगी। तीसरी वॉर्निंग के बाद हर गलती पर फील्डिंग टीम को 5 रन पेनल्टी के तौर पर मिलेंगे। ICC के मुताबिक, बल्लेबाज को उस समय तक अगली गेंद खेलने के लिए तैयार रहना होगा, जब तक गेंदबाज और फील्डिंग टीम अगली गेंद के लिए तैयार हो चुके हों।

5 रन का भुगतना होगा नुकसान

नए नियम के तहत बल्लेबाज को सीधे पहली गलती पर 5 रन का नुकसान नहीं होगा। गेंदबाज की तरफ वाला अंपायर पहले मौके पर वॉर्निंग देगा और नॉन-स्ट्राइकर, आने वाले बल्लेबाज, फील्डिंग टीम के कप्तान और दूसरे अंपायर को इसकी जानकारी देगा। दूसरी बार भी यही प्रक्रिया दोहराई जाएगी, लेकिन इस बार इसे अंतिम चेतावनी माना जाएगा। तीसरी और इसके बाद हर बार देरी होने पर अंपायर फील्डिंग टीम को 5 पेनल्टी रन देगा। मल्टी-डे क्रिकेट में इन वॉर्निंग का हिसाब लगातार पूरी पारी के दौरान नहीं चलेगा। 80 ओवर पूरे होने के बाद वॉर्निंग रीसेट हो जाएंगी। इसके बाद हर नए 80 ओवर के ब्लॉक के साथ यह प्रक्रिया फिर से शुरू होगी।

वूमेन्स क्रिकेट में अब अलग गेंद

ICC ने वूमेन्स क्रिकेट के लिए भी एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब वूमेन्स क्रिकेट और जूनियर क्रिकेट के लिए एक ही गेंद के इस्तेमाल की व्यवस्था नहीं रहेगी। ICC ने मेन्स, वूमेन्स और जूनियर क्रिकेट के लिए गेंद के आकार और वजन की तीन अलग-अलग सीमाएं तय कर दी हैं। रन आउट और स्टंपिंग को लेकर भी नियम को स्पष्ट किया गया है। फील्डर या विकेटकीपर के पास गेंद पर पूरा नियंत्रण होना जरूरी होगा। केवल गेंद को छूकर स्टंप उखाड़ देना पर्याप्त नहीं माना जाएगा। इसके अलावा डे-टेस्ट में पिंक गेंद के इस्तेमाल को भी आधिकारिक तौर पर उपलब्ध विकल्पों में शामिल किया गया है।

एशियन गेम्स में परवीन हुड्डा का धमाकेदार कमबैक

चीनी ताइपे की खिलाड़ी को हराकर जीता गोल्ड

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशियन गेम्स 2026 में 2 अक्टूबर का दिन भारत के लिए शानदार रहा है। आज भारत अब तक 5 गोल्ड मेडल जीत चुका है। इसमें से एक गोल्ड मेडल परवीन हुड्डा ने भी जीता है। चार साल पहले एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर परवीन हुड्डा ने अपने करियर की नई शुरुआत की थी, लेकिन 22 महीने के बैन की वजह से बाद में उनसे वह मेडल छीन लिया गया। हालांकि, इस नाकामी के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। अब चार साल बाद नागोया एशियन गेम्स के 65 किग्रा वर्ग के बेहद कड़े और करीबी फाइनल मुकाबले में उन्होंने चीनी ताइपे की खिलाड़ी चेन निएन-चिन को 3-2 से हराकर गोल्ड मेडल जीत लिया है और रिंग में एक बार फिर धमाकेदार वापसी की है।



ITA ने परवीन पर लगाया था 22 साल का बैन

साल 2022 के एशियन गेम्स में परवीन हुड्डा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। लेकिन अपने ठिकाने की सही जानकारी न देने के कारण इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी (ITA) ने उन पर 22 महीने का बैन लगा दिया। इस बैन की वजह से उनसे हांगझोऊ एशियन गेम्स का ब्रॉन्ज मेडल वापस छीन लिया गया और 11 दिसंबर 2022 से 17 मई 2024 के बीच के उनके सभी नतीजों को रद्द कर दिया गया। इस निलंबन के कारण उनका ओलंपिक में खेलने का सपना भी टूट गया और वह पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन में हिस्सा नहीं ले पाईं।

एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं परवीन

परवीन हुड्डा पहले 63 किग्रा वर्ग में भी भारत के लिए खेल चुकी हैं। वह रिंग में अपनी बेहतरीन फुटवर्क, सही रणनीति बनाने और दबाव के समय शानदार खेल दिखाने के लिए जानी जाती हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर असली पहचान 2022 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद मिली। उसी साल उन्होंने एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल हासिल किया था। इसके बाद उन्होंने वर्ल्ड कप और एशियन चैंपियनशिप जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन किया। 2025 के वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल में गोल्ड जीतने के बाद अब एशियन गेम्स के 65 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल जीतना उनकी बड़ी कामयाबियों में एक और नया अध्याय जुड़ गया है।

कुमकुम, अंकिता और कीर्ति की तिकड़ी ने रचा इतिहास

रिकर्व महिला टीम इवेंट में जीता पहली बार गोल्ड मेडल

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशियन गेम्स 2026 में भारत की महिला आर्चरी टीम ने रिकर्व इवेंट के गोल्ड मेडल मैच में साउथ कोरियाई टीम को मात देने के साथ इतिहास रच दिया है, जिसमें भारत ने महिलाओं की टीम रिकर्व आर्चरी में अपना पहला गोल्ड मेडल जीता है। भारत की तरफ से इस इवेंट में कुमकुम मोहाद, अंकिता भकत और कीर्ति की तिकड़ी ने हिस्सा लिया जिसमें तीनों ही खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला और उन्होंने 10 बार की ओलंपिक पदक विजेता साउथ कोरिया की महिला आर्चरी टीम को गोल्ड मेडल मैच में 5-3 के अंतर से मात देने में कामयाबी हासिल की।

पहले दो सेट बराबरी पर थे छूटे

भारतीय महिला आर्चरी टीम ने रिकर्व इवेंट के गोल्ड मेडल मैच में चीन की टीम को मात देते हुए अपनी जगह को पक्का किया था। इसके बाद उनका सामना साउथ कोरिया की टीम से था जो इस इवेंट में वर्ल्ड की सबसे बेस्ट टीम है। टीम इंडिया के लिए मुकाबला आसान नहीं था, लेकिन कुमकुम, कीर्ति और अंकिता ने अपने जज्बे को बरकरार रखते हुए पहले दो सेट में साउथ कोरिया की टीम को कड़ी टक्कर दी जिसमें मुकाबला बराबरी पर रहा। पहला सेट जहां 54-54 के स्कोर के साथ बराबरी पर खत्म हुआ तो वहीं दूसरा से 56-56 की बराबरी पर खत्म हुआ।

तीसरे सेट को जीत टीम इंडिया ने 4-2 से बनाई बढ़त

इस मुकाबले का तीसरा सेट भारतीय टीम के लिए निर्णायक साबित हुआ जिसमें उन्होंने साउथ कोरिया की वर्ल्ड चैंपियन कांग चेयंग, ओ येजिन और ली युनजी की तिकड़ी के खराब खेल का पूरा फायदा उठाया और उनको 55-52 के अंतर से इस सेट में मात देने के साथ मुकाबले में 4-2 के अंतर से बढ़त बना ली जिसके बाद सभी की नजरें इस मैच के चौथे सेट पर थी और इसमें साउथ कोरिया की टीम ने 54 अंक हासिल किए जिसके बाद भारतीय महिला रिकर्व टीम को गोल्ड मेडल जीतने के लिए या तो इस सेट को बराबरी पर खत्म करना था या सीधे जीत हासिल करनी थी।

युजवेंद्र चहल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट से रिटायरमेंट का किया ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एक समय प्रमुख स्पिन गेंदबाज की भूमिका निभाने वाले युजवेंद्र चहल ने 2 अक्टूबर को बड़ा फैसला लेते हुए फर्स्ट क्लास क्रिकेट से अपने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। चहल ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने पोस्ट के जरिए दी जिसमें उन्होंने यह भी साफ किया कि वह लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में आगे खेलना जारी रखेंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट में युजवेंद्र चहल को टीम इंडिया की तरफ से सिर्फ वनडे और टी20 में खेलने का मौका मिला है। चहल पिछले कुछ सालों से लगातार काउंटी क्रिकेट में खेल रहे थे, जिसमें उन्होंने अपना आखिरी रेड-बॉल मुकाबला लॉर्ड्स में नॉर्थम्पटनशायर की टीम से खेला है।

'वनडे और टी20 में एक और मौका पाने के लिए पूरा जोर लगा दूंगा'



मैंने अपना आखिरी फर्स्ट क्लास मैच लॉर्ड्स में खेला

युजवेंद्र चहल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट से अपने रिटायरमेंट की जानकारी इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए फैंस को दी जिसमें उन्होंने लिखा कि मैंने जो पहली क्रिकेट बॉल पकड़ी थी वह लाल रंग की थी। मैं 10 साल का था और मुझे तब अंदाजा भी नहीं था कि मुझे इस खेल से कितना गहरा लगाव हो जाएगा। मेरे लिए रेड-बॉल क्रिकेट कभी भी सिर्फ एक और फॉर्मेट नहीं था। इसी फार्मेट में मैंने सब्र, मुश्किलों का सामना करने की हिम्मत और घंटों तक मैदान पर डटे रहकर हर रन और हर विकेट के लिए संघर्ष करने की असली खुशी को समझा। मैंने अपना आखिरी फर्स्ट क्लास मैच लॉर्ड्स में खेला। यह कहते हुए भावुकता महसूस होती है क्योंकि टेस्ट कैप पाना हमेशा से मेरा सपना रहा था जिसे मैंने कई सालों तक संजोकर रखा था। भले ही वह सपना पूरा न हो सका, लेकिन मैं अपने इस सफर से सचमुच संतुष्ट हूं और इस फॉर्मेट में मिले हर मौके के लिए बेहद शुक्रगुजार हूं।

टीम इंडिया से पिछले काफी समय से बाहर चल रहे युजवेंद्र चहल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट से अपने रिटायरमेंट के फैसले के साथ यह भी लिखा कि अभी उनमें काफी क्रिकेट बाकी है और वनडे और टी20 फॉर्मेट में एक और मौका पाने के लिए वह अपनी पूरी जान लगा देंगे। चहल ने इसके अलावा हरियाणा क्रिकेट संघ, रणबीर सिंह महिंद्रा सर और श्री अनिरुद्ध सिंह चौधरी सर का उनके रेड बॉल सफर में साथ देने के लिए शुक्रिया अदा किया।

व्यापार

ब्रोकर्स को वेबसाइट और ऐप पर दिखाने होंगे चेतावनी संदेश : सेबी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए स्टॉक ब्रोकर्स को अपनी वेबसाइटों और ट्रेडिंग ऐप्स पर निवेशक जागरूकता संदेश तथा जोखिम संबंधी जानकारी प्रदर्शित करने का निर्देश दिया है। यह कदम सेबी की प्रोजेक्ट जागरूक पहल के तहत उठाया गया है।

सेबी ने गुरुवार को जारी एक परिपत्र में कहा कि यह पहल निवेशकों को अधिक जागरूक बनाने और उन्हें निवेश से जुड़े जोखिमों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करने के उद्देश्य से की गई है। यह निर्णय विश्व निवेशक सप्ताह 2026 (वर्ल्ड इन्वेस्टर वीक 2026) से पहले लिया गया है।

नए निर्देशों के अनुसार, सभी स्टॉक ब्रोकर्स को 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 के बीच अपनी वेबसाइटों पर सेबी द्वारा निर्धारित निवेशक जागरूकता संदेशों के साथ आवश्यक जोखिम प्रकटीकरण प्रदर्शित करना होगा। इसके बाद 1 नवंबर 2026 से ब्रोकर्स की वेबसाइटों के लैंडिंग पेज पर निवेशक जागरूकता संदेश प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा, ताकि वेबसाइट पर आने वाले प्रत्येक निवेशक को शुरुआत में ही आवश्यक जानकारी मिल सके।



ट्रेडिंग ऐप्स के संबंध में सेबी ने कहा कि 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के बीच ब्रोकर्स स्वेच्छा से इन संदेशों को प्रदर्शित कर सकते हैं।

यदि इस अवधि में कोई ब्रोकर किसी दिन अपने ट्रेडिंग ऐप पर जागरूकता संदेश दिखाता है, तो उस दिन जोखिम प्रकटीकरण दिखाना वैकल्पिक रहेगा। हालांकि, 1 नवंबर 2026 से सभी स्टॉक ब्रोकर्स को अपनी ट्रेडिंग ऐप्स पर निवेशक जागरूकता संदेश और जोखिम प्रकटीकरण दोनों को वैकल्पिक दिनों पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

सेबी ने कहा कि यह पहल उसके व्यापक निवेशक शिक्षा अभियान प्रोजेक्ट जागरूक का हिस्सा है। इसका उद्देश्य निवेशकों को सही जानकारी उपलब्ध कराना, जोखिमों के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें अधिक सूचित निवेश निर्णय लेने में सक्षम बनाना है। गौरतलब है कि सेबी ने इससे पहले 19 मई 2023 को जारी एक सर्कुलर के माध्यम से स्टॉक ब्रोकर्स को अपने ग्राहकों के लिए निर्धारित जोखिम प्रकटीकरण प्रदर्शित करना अनिवार्य किया था। अब उसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए निवेशक जागरूकता संदेशों को भी अनिवार्य किया जा रहा है।

नियामक ने स्टॉक एक्सचेंजों और डिपॉजिटरीज को भी निर्देश दिया है कि वे इस सर्कुलर की जानकारी अपने सदस्यों और प्रतिभागियों तक पहुंचाएं तथा इसे अपनी वेबसाइटों पर प्रकाशित करें। साथ ही उन्हें सेबी द्वारा निर्धारित प्रारूप में निवेशक जागरूकता संदेश प्रदर्शित करने और निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है।

महाराष्ट्र में 2.6 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा अडाणी ग्रुप

मुंबई (एजेंसी)। अडाणी एंटरप्राइजेज के डायरेक्टर प्रणव अडाणी ने कहा है कि अडाणी ग्रुप महाराष्ट्र में 2.6 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स को पूरा कर चुका है या उन पर काम जारी है। ग्रुप ने राज्य में कुल मिलाकर एनर्जी, एविएशन, अर्बन रीडेवलपमेंट, डेटा सेंटर और कोल गैसीफिकेशन समेत अलग-अलग सेक्टरों में 6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

महाराष्ट्र की इंवेस्टमेंट प्रोमोशन यूनिट 'इन्वेस्ट महाराष्ट्र' की शुरुआत के मौके पर अडाणी ने गुरुवार को कहा कि ग्रुप का इंवेस्टमेंट ब्लूप्रिंट दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) में की गई प्रतिबद्धताओं और महाराष्ट्र सरकार के साथ साझेदारी के जरिए तैयार किया गया था।

प्रणव अडाणी ने कहा, "दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम और राज्य के साथ साझेदारी के माध्यम से अडाणी ग्रुप ने एनर्जी, एविएशन और एयरो-डिस्ट्रिक्ट्स, अर्बन रीडेवलपमेंट, डेटा सेंटर और कोल गैसीफिकेशन जैसे महत्वपूर्ण और उभरते हुए सेक्टरों में 6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इनमें से 2.6 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स पहले ही पूरे हो चुके हैं या उन पर काम चल रहा है।" अडाणी ने कहा कि ये निवेश ऐसे समय में हो रहे हैं जब महाराष्ट्र 2030 तक 1000 अरब (1 ट्रिलियन) डॉलर की इकोनॉमी बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, जिसमें मुंबई महानगर क्षेत्र (MMR) के केंद्रीय भूमिका निभाने की उम्मीद है।

अल्ट्राटेक की कुकुरडीह इकाई ने हासिल की 100 प्रतिशत हरित ऊर्जा की उपलब्धि

रायपुर (एजेंसी)। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ स्थित कुकुरडीह सीमेंट वर्क्स अप्रैल 2026 से लगातार हर माह अपनी 100 प्रतिशत विद्युत आवश्यकता हरित ऊर्जा स्रोतों से पूरी कर रही है। वर्ष 2024 में शुरू हुई इस इकाई की ग्रे सीमेंट उत्पादन क्षमता 3.3 मिलियन टन प्रतिवर्ष है। कंपनी के अनुसार, नवीकरणीय ऊर्जा और वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम (WHRS) के प्रभावी संयोजन से यह उपलब्धि हासिल हुई है। अप्रैल 2026 से अल्ट्राटेक की भारत स्थित 76 विनिर्माण इकाइयों में करीब एक-तिहाई इकाइयां अपनी 50 प्रतिशत से अधिक बिजली जरूरत हरित ऊर्जा से पूरी कर रही हैं।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही तक कंपनी की कैप्टिव हरित ऊर्जा क्षमता 1,897 मेगावाट पहुंच गई है। अल्ट्राटेक ने 2030 तक अपने ऊर्जा मिश्रण में हरित ऊर्जा की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत और 2050 तक 100 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

बिलासपुर में 'नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड' अभियान से साइबर सुरक्षा का संदेश

बिलासपुर (एजेंसी)। बढ़ते साइबर फ्रॉड के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने सीएमडी चौक के पास 'नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड' जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों और नागरिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सुरक्षित डिजिटल लेनदेन, साइबर स्वच्छता और वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल रिपोर्टिंग के बारे में जानकारी दी गई।


अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) पंकज कुमार पटेल ने डिजिटल अरेस्ट, फर्जी अधिकारी बनकर ठगी, निवेश, नौकरी और केवाईसी से जुड़े साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की अपील की। साइबर पुलिस इंस्पेक्टर गोपाल सतपति ने संदिग्ध लिंक नहीं खोलने तथा ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम पिन, सीवीवी और बैंक संबंधी जानकारी किसी से साझा नहीं करने की सलाह दी। अधिकारियों ने साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराने और नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल का उपयोग करने पर जोर दिया।

आरबीआई ने फेमा उल्लंघन मामले में बीपीटीपी लिमिटेड के खिलाफ कंपाउंडिंग आदेश जारी किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रियल एस्टेट डेवलपर बीपीटीपी लिमिटेड और उसके दो निदेशकों कबीर चावला तथा सुधांशु त्रिपाठी के खिलाफ विदेशी मुद्रा कानून के उल्लंघन से जुड़े मामले में कंपाउंडिंग आदेश जारी किया है। कंपनी ने 2007 और 2008 में हुए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) लेनदेन से जुड़े मामले में कुल 4.84 करोड़ रुपए की कंपाउंडिंग राशि का भुगतान करने पर सहमति जताई है।

यह मामला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के गुरुग्राम जोनल कार्यालय द्वारा बीपीटीपी लिमिटेड, जिसे पहले बिजनेस पार्क टाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, में मिले एफडीआई की जांच से सामने आया था। जांच में मॉरीशस स्थित सीपीआई इंडिया एल लिमिटेड और हार्बर विक्टोरिया इन्वेस्टमेंट होल्डिंग लिमिटेड से कंपनी को मिले करीब 537.5 करोड़ रुपये के विदेशी निवेश की पड़ताल की गई थी।

आरबीआई ने कहा, भारतीय रिजर्व बैंक ने 17 सितंबर 2026 को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 की धारा 15(1) तथा इसके तहत बनाए गए नियमों, विनियमों, अधिसूचनाओं और आदेशों के तहत बीपीटीबी लिमिटेड और उसके निदेशकों कबीर चावला तथा सुधांशु त्रिपाठी के मामले में कंपाउंडिंग आदेश जारी किए हैं।



जांच के अनुसार, बीपीटीबी को 21 अगस्त 2007 को सीपीआई इंडिया एल लिमिटेड से करीब 7.767 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 322.5 करोड़ रुपये) और 9 जुलाई 2008 को हार्बर विक्टोरिया इन्वेस्टमेंट होल्डिंग लिमिटेड से करीब 4.984 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 215 करोड़ रुपये) प्राप्त हुए थे।

जांच में पाया गया कि निवेश समझौतों में पुट ऑप्शन और निवेशकों को निश्चित आंतरिक रिटर्न (आईआरआर) देने से संबंधित प्रावधान शामिल थे। उस समय एफडीआई से जुड़े लागू फेमा प्रावधानों के तहत इस तरह की शर्तें अनुमत नहीं थीं। ईडी का आरोप था कि कंपनी ने ऑटोमैटिक रूट के तहत विदेशी निवेश हासिल किया, लेकिन निवेशकों को स्वैप और पुट ऑप्शन व्यवस्था के माध्यम से सुनिश्चित रिटर्न देने की पेशकश की गई थी।

जांच एजेंसी के अनुसार, इस तरह के समझौते विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और विदेशी निवेशकों को शेयर जारी करने से संबंधित नियमों एवं विनियमों के प्रावधानों के विपरीत थे। जांच में यह भी सामने आया कि बीपीआरटीपी ने सीपीआई इंडिया एल लिमिटेड से प्राप्त विदेशी निवेश में से करीब 320 करोड़ रुपये अपने प्रोजेक्ट्स में लगाने के बजाय फिक्स डिपॉजिट और म्यूचुअल फंड में निवेश किए थे। निवेश समझौते की शर्तों के अनुसार इस राशि का इस्तेमाल कंपनी की परियोजनाओं में किया जाना था। इसे भी फेमा के तहत एक अलग उल्लंघन के रूप में दर्ज किया गया।

1178 फीट ऊंचे चिनाब ब्रिज पर 100 की स्पीड से दौड़ी वंदे भारत

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय रेल ने आज एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रेलवे ने 1178 फीट की ऊंचाई पर स्थित विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज पर वंदे भारत एक्सप्रेस को 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सफलतापूर्वक क्रॉस कराया। इतना ही नहीं, वंदे भारत एक्सप्रेस ने अंजी ब्रिज को भी 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से क्रॉस किया। ये भारतीय रेल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को एक ट्वीट किया। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा, "भारत के इंजीनियरिंग गौरव पर 100 किमी/घंटा की रफ्तार।" रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय रेल ने उत्तर रेलवे जोन के कटरा-बनिहाल सेक्शन पर ट्रेनों की स्पीड 100 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाई गई। उन्होंने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस ने चिनाब और अंजी ब्रिज को 100 किमी प्रति घंटे की स्पीड से पार किया।

वनांचल ग्राम कनहरी में पुलिस अधीक्षक ने आयोजित की संध्याकालीन पुलिस जनचौपाल



जमीन पर ग्रामीणों के बीच बैठकर सुनी समस्याएं, सुरक्षा एवं क्षेत्रीय विषयों पर किया सीधा संवाद

कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्र में पुलिस और आम नागरिकों के बीच सीधे संवाद, विश्वास एवं जनसहभागिता को मजबूत करने की दिशा में पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार यादव (आई.पी.एस.) द्वारा विशेष पहल करते हुए थाना रेंगाखार क्षेत्र के ग्राम कनहरी में संध्याकालीन पुलिस जनचौपाल का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक स्वयं ग्रामीणों के बीच पहुंचे और जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से सहजता एवं आत्मीयता के साथ सीधे संवाद किया।

संध्याकालीन समय में आयोजित इस जनचौपाल में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रशांत देवांगन, थाना प्रभारी रेंगाखार, निरीक्षण श्री अरविन्द साहू उपस्थित रहे। ग्राम कोयलाझोरी, बोदा-47 एवं घनीखुटा पंचायत के सरपंच सहित क्षेत्र के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

पुलिस कप्तान को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में दिखा सम्मान और आत्मीयता

पुलिस अधीक्षक को इस सहज भाव से अपने बीच उपस्थित पाकर ग्रामीणों में विशेष आदर, आत्मीयता एवं प्रसन्नता का भाव दिखाई दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर उनकी बातें सुनने और उनसे सीधे संवाद करने से ग्रामीणों ने स्वयं को पुलिस के और अधिक करीब महसूस किया। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों एवं समस्याओं को सहजता से रखा। पुलिस अधीक्षक ने भी ग्रामीणों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना, जिसमें अधिकतर मामले शासन स्तर के थे, जिसे संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराने कहा गया और पुलिस से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों के नियमानुसार निराकरण के लिए आवश्यक पहल एवं हरसंभव प्रयास किए जाने का भरोसा दिलाया।

जमीनी स्थिति की ली जानकारी

जनचौपाल के दौरान पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से क्षेत्र में होने वाली असामाजिक गतिविधियों, नशे से संबंधित गतिविधियों, अवैध गतिविधियों, संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध अथवा असामाजिक गतिविधि की जानकारी होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा सके।

पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार यादव ने ग्रामीणों को बताया कि संध्याकालीन जनचौपाल का आयोजन विशेष रूप से इसलिए किया गया है, ताकि दिन के समय अपने आवश्यक कार्यों से गांव से बाहर जाने वाले ग्रामीण भी शाम तक वापस लौटकर इस संवाद में शामिल हो सकें।

उन्होंने कहा कि शाम के समय अधिकांश ग्रामीण अपने कार्यों से वापस गांव लौट आते हैं। ऐसे समय में जनचौपाल आयोजित करने से अधिक से अधिक ग्रामीणों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनने तथा क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों, आवश्यकताओं एवं सुरक्षा संबंधी विषयों की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

जनचौपाल में ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचाव, ऑनलाइन ठगी से सतर्कता, महिला एवं बालिका सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम तथा यातायात नियमों के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

ग्रामीणों को समझाया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर सूचना दें तथा पुलिस से संपर्क करें। साथ ही क्षेत्र में नशीले पदार्थों अथवा अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी होने पर पुलिस को सूचित करने की अपील की गई।

पुष्प वाटिका में किया गया श्रमदान

कोरबा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गुरुवार, 1 अक्टूबर 2026 को नगर पालिका परिषद दीपका क्षेत्र अंतर्गत पुष्प वाटिका में विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ-साथ नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा। श्रमदान कार्यक्रम में नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आमजनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर पुष्प वाटिका परिसर की साफ-सफाई की तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में अपना योगदान दिया। इस दौरान स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम रत्नेश, वरिष्ठ पार्षद अरुणीश तिवारी, पार्षद संतोष निराला, इंजीनियर नारायण आदित्य सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका के अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता बनाए रखने में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही दीपका को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर शहर के रूप में विकसित किया जा सकता है। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत आयोजित यह श्रमदान कार्यक्रम नागरिक सहभागिता और स्वच्छता के प्रति सामूहिक संकल्प का संदेश देता नजर आया।

गांधी जयंती पर पंडरिया में कांग्रेसजनों ने किया महात्मा गांधी को नमन



पंडरिया (दैनंदिनी ब्यूरो)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया के तत्वावधान में स्थानीय गांधी उद्यान में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम साहू ने किया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए सत्य, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि महात्मा गांधी केवल भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले युगपुरुष थे।

उन्होंने अपने जीवन में सत्य, अहिंसा, त्याग, सादगी और सेवा के मूल्यों को अपनाया और इन्हीं मूल्यों के माध्यम से देश को एकजुट करने का कार्य किया। गांधी जी का विचार था कि समाज में स्थायी परिवर्तन हिंसा से नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा और आपसी भाईचारे की भावना से लाया जा सकता है। आज के समय में भी उनके विचार समाज और देश के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज में शांति, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता, ग्राम स्वराज और आत्मनिर्भरता को भी विशेष महत्व दिया था। उनके विचारों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र के विकास में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवीन जायसवाल, काशीनाथ ठाकुर, गुरुदत्त शर्मा, चंद्रभान सिंह, राजकिरण, मनीष शर्मा, खोवाराम भास्कर, राजकुमार, गौतम शर्मा एवम बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकता उपस्थित थे।

सेवा सेतु शिविर में मिले 133 आवेदन, 70 का हुआ निराकरण

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत सैला स्थित माध्यमिक शाला परिसर में आज विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों से कुल 133 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 70 का निराकरण किया गया। शेष 63 आवेदन आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजे गए। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 23 हितग्राहियों को किसान किताब, 13 को बी-1 एवं खसरा तथा स्वामित्व योजना के अंतर्गत 22 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने तीन हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड और तीन को वय वंदन कार्ड प्रदान किए। शिक्षा विभाग द्वारा पांच बच्चों को जाति प्रमाण पत्र दिए गए। उद्यानिकी विभाग ने पांच हितग्राहियों को सब्जी मिनी किट प्रदान किए तथा 150 पौधों का वितरण किया। जनपद पंचायत पाली की ओर से दो हितग्राहियों को छड़ी और तीन को श्रवण यंत्र दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से चार समूहों को चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान किया गया। साथ ही तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और तीन बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। शिविर में जिला पंचायत सभापति माया रूपेश कंवर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दिलहरण कश्यप, जनपद सदस्य धर्मेंद्र राज, बृजेश यादव, विपिन कौशिक, कमल बरेठ, कृष्णा यदु, कीर्ति कश्यप, कामता जायसवाल, गणेश चौहान सहित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच उपस्थित रहे।

वित्त वर्ष 2026 में परिवारों को औसतन 15 लाख का डेथ क्लेम देकर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस सबसे आगे

मुंबई (दैनंदिनी)। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2026 में परिवारों को औसतन ₹15 लाख का व्यक्तिगत डेथ क्लेम (मृत्यु दावा) दिया है। कंपनी लगातार दूसरे साल इस मामले में सबसे आगे रही है, जो समय पर वित्तीय सहायता देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पिछले छह वित्त वर्षों के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध उद्योग आंकड़ों के अनुसार, कंपनी द्वारा भुगतान की गई औसत व्यक्तिगत डेथ क्लेम राशि वित्त वर्ष 2021 के लगभग ₹10 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 में ₹15 लाख हो गई है। पिछले चार वर्षों में यह औसत क्लेम लगातार लगभग ₹14-15 लाख के आसपास बना हुआ है। जैसे-जैसे आय, कर्ज और पारिवारिक जिम्मेदारियां बदलती हैं, ये आंकड़े रेखांकित करते हैं कि पॉलिसीधारकों को समय-समय पर अपने लाइफ कवर (जीवन बीमा राशि) की समीक्षा क्यों करनी चाहिए, ताकि यह उनकी बदलती जरूरतों के अनुकूल बना रहे।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस में अंडरराइटिंग एंड रिटेल क्लेम्स के प्रमुख सारंग गोखले ने कहा, "जीवन बीमा एक सरल वादे पर आधारित है—परिवारों को उस समय वित्तीय सुरक्षा उपलब्ध कराना, जब उन्हें इसकी सबसे अधिक जरूरत हो। वित्त वर्ष 2026 में हमने 5,149 करोड़ रुपये के मृत्यु दावों का निपटारा किया। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2026 में हमारा दावा निपटान अनुपात 99.3 प्रतिशत रहा। कंपनी स्तर पर जांच नहीं किए गए व्यक्तिगत दावों में अंतिम दस्तावेज प्राप्त होने की तारीख से औसत निपटान समय केवल 1.1 दिन रहा। यह हमारे ग्राहकों और उनके परिवारों से किए गए वादे को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हम दावों की प्रक्रिया को लगातार सरल बना रहे हैं और तकनीक आधारित सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि परिवारों को बिना किसी देरी के आवश्यक सहायता मिल सके। हम अपने ग्राहकों को यह भी सलाह देते हैं कि वे नियमित रूप से अपने बीमा कवर की समीक्षा करें, ताकि यह उनके जीवन के बदलते चरणों और लक्ष्यों के अनुरूप बना रहे।"

विशेष रूप से, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने पिछले कई वर्षों में लगातार उच्च क्लेम सेटलमेंट रेशियो दर्ज किया है और समय पर क्लेम का भुगतान करने के अपने वादे को निभाया है। अपने कवर की समीक्षा या सहायता के इच्छुक पॉलिसीधारक www.iciciprulife.com पर जा सकते हैं या कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

श्रवण यंत्र और छड़ी पाकर कमला बाई के चेहरे पर खिली मुस्कान



कोरबा । सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा मेरा योगदान' पहल के अंतर्गत आज टी.पी. नगर स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम, कोरबा में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं वृद्धजनों का सम्मान करते हुए जरूरतमंदों को आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान स्नेह सदन, कोरबा में निवासरत वृद्ध कमला बाई को सम्मानित किया गया। उन्हें श्रवण यंत्र एवं छड़ी प्रदान की गई। सहायक उपकरण प्राप्त होने पर कमला बाई के चेहरे पर खुशी और संतोष की मुस्कान दिखाई दी। कमला बाई ने बताया कि उन्हें ऊंचा सुनाई देता था, जिसके कारण दैनिक जीवन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। श्रवण यंत्र मिलने से अब उन्हें बेहतर ढंग से सुनने में मदद मिलेगी। वहीं, छड़ी उनके आवागमन में सहायक होगी और उनका दैनिक जीवन पहले की अपेक्षा अधिक सहज होगा। सहायक उपकरण मिलने पर कमला बाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन, कोरबा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

वृद्धजन दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर, वरिष्ठजनों को अधिकारों और कानूनी संरक्षण की दी जानकारी

गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में अम्बेडकर चौक गरियाबंद में वरिष्ठजनों के अधिकार, सम्मान, सुरक्षा एवं विधिक संरक्षण को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित हुए। कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री बी.आर. साहू, पॉक्सो कोर्ट की विशेष न्यायाधीश श्रीमती गंगा पटेल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कु. खुशबु जैन उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कु. खुशबु जैन ने वरिष्ठजनों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शासकीय अथवा गैर-शासकीय कार्यालयों में वरिष्ठजनों को प्राथमिकता दिए जाने के साथ उनके लिए विभिन्न अधिकार एवं सुविधाएं निर्धारित हैं। इसके बाद पॉक्सो कोर्ट की विशेष न्यायाधीश श्रीमती गंगा पटेल ने वर्तमान समय में बढ़ रही साइबर ठगी को लेकर वरिष्ठजनों को जागरूक किया। उन्होंने मोबाइल, इंटरनेट एवं ऑनलाइन माध्यमों से होने वाली ठगी से सावधान रहने की





अपील की। किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की घटना होने पर बिना देर किए 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। शिविर के अंतिम वक्ता जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री बी.आर. साहू ने उपस्थित वरिष्ठजनों को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने वरिष्ठजनों को उनके हक और अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि परिवार में बुजुर्गों के साथ अवमानना, तिरस्कार, भरण-पोषण में कोताही अथवा अपने कर्तव्यों से विमुख होने की स्थिति में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के तहत आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने वरिष्ठजनों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की बात कही। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जिसमें उपस्थित वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य की जांच एवं परीक्षण किया गया। शिविर के अंत में वरिष्ठजनों की ओर से दीपक मेश्राम ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा इस तरह के जागरूकता एवं विधिक शिविरों का आयोजन आगे भी किए जाने का आग्रह किया।

आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 108 में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित



गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गायत्री मंदिर के पीछे स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 108 में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों एवं हितग्राहियों की सहभागिता रही। इस दौरान गर्भवती माता की गोदभराई के साथ दो बच्चों का जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन ने उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को संबोधित करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका बताई। इस अवसर पर उनके द्वारा बच्चों एवं हितग्राहियों को मिठाई, चॉकलेट एवं बिस्किट का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रीखीराम यादव ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

वहीं कार्यक्रम के सह अतिथि मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने भी उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

गोदभराई के साथ बच्चों का मनाया गया जन्मदिन

आंगन मिलन कार्यक्रम के दौरान गर्भवती माता की गोदभराई की रस्म उत्साहपूर्वक संपन्न कराई गई। जनसहभागिता के अंतर्गत श्रीमती मंजरी गुप्ता द्वारा गर्भवती माता को गोदभराई की सामग्री भेंट की गई। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में दो बच्चों का जन्मदिन भी मनाया गया। बच्चों को जन्मदिन के अवसर पर उपहार भेंट किए गए, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन दीदी का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन दीदी को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा उन्हें शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा शासन की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में उनके योगदान की सराहना की गई।

कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती बिंदु सिन्हा, पार्षद श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती रेणुका साहू, श्रीमती मधु देवांगन, अतिथि श्रीमती रूबी देवदास, महिला मोर्चा गरियाबंद मंडल महामंत्री श्रीमती मंजरी गुप्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कचरा साहू, सहायिका सुरुचि पटेल, मितानिन पुष्पा तिवारी एवं ज्योति सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

नशामुक्त छत्तीसगढ़ से ही संभव होगा 'विकसित भारत 2047' का सपना : टंकराम वर्मा

रायपुर ■ दैनन्दिनी

सेवा संकल्प अभियान और अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर धमतरी के मोनो नाइट इंग्लिश मीडियम स्कूल में नशामुक्त समाज और राष्ट्र निर्माण का संदेश पूरे उत्साह के साथ गूंजा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने उपस्थित अपार जनसमूह को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं को देश की मूल शक्ति बताते हुए नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि नशे की लत केवल किसी व्यक्ति विशेष को प्रभावित नहीं करती, बल्कि परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों को गर्त में धकेल देती है। इसे जड़ से खत्म करने के लिए सामूहिक जनभागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने युवाओं,



विद्यार्थियों और स्वयंसेवी संगठनों से 'नशामुक्त भारत अभियान' का हिस्सा बनकर जनचेतना को गांव-गांव तक पहुंचाने की अपील की। समारोह के दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, वृद्धजनों और युवाओं ने स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को इस सामाजिक बुराई से बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि नशामुक्ति महज एक शासकीय अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। समारोह का मुख्य आकर्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली के राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) और इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा। प्राचार्य के मार्गदर्शन तथा व्याख्याता श्री आकाश गिरी गोस्वामी के लेखन व निर्देशन में बने इस नाटक में नशामुक्त भारत, विकसित भारत-2047 और समाज सेवा जैसे विषयों को सजीव रूप से पेश किया गया। नाट्य रूपांतरण में कलाकारों ने सशक्त अभिनय से दर्शाया कि यदि युवा ऊर्जा को नशे से बचाकर शिक्षा, कौशल और राष्ट्रसेवा से जोड़ा जाए, तो देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू सकता है कार्यक्रम में सहकारी बैंक के अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, निगम सभापति, जिला पंचायत सभापति, जनपद अध्यक्ष, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, डीएफओ समेत कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



गांधी और शास्त्री जयंती पर राज्य स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित

रायपुर ■ दैनन्दिनी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बूढ़ापारा, रायपुर में राज्य स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्षता राज्यसभा सांसद एवं संस्था की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री श्री यादव ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की पत्रिका 'प्रयास' तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स और यूनिसेफ द्वारा तैयार 'तारुण्य वार्ता' (मासिक धर्म पर खुलकर चर्चा) पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने संस्था की नवीन वेबसाइट का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर विभिन्न जिलों के स्काउट्स एवं गाइड्स को सम्मानित भी किया गया।

हम एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भाव और सम्मान रखें-शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के विचार तथा लाल बहादुर शास्त्री जी की सादगी और कर्तव्यनिष्ठा आज भी हमारा मार्गदर्शन करते हैं। सर्वधर्म प्रार्थना सभा हमें सभी आस्थाओं का सम्मान करने और समाज में प्रेम व भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स से जुड़े बच्चे और युवा सेवा, अनुशासन तथा सहयोग की भावना को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं। हमारे देश की संस्कृति "सर्वधर्म समभाव" और सभी के मंगल की कामना पर आधारित है। सर्वधर्म प्रार्थना हमें यही संदेश देती है कि सभी सुखी हों, सभी का कल्याण हो और हम एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भाव और सम्मान रखें।

स्काउट-गाइड हमें अनुशासन का संदेश देता है-



श्री यादव ने कहा कि स्काउट-गाइड का उद्देश्य केवल नियमों और प्रतिज्ञाओं को पढ़ना नहीं, बल्कि उन्हें अपने जीवन में उतारना है। हम स्वयं अनुशासित रहेंगे, तभी दूसरों को अनुशासन का संदेश दे पाएंगे। स्काउट-गाइड हमें प्रकृति से प्रेम करना और पशु-पक्षियों का मित्र बनना भी सिखाता है। इसलिए प्रत्येक स्काउट और गाइड अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए। राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी शक्ति है। अलग-अलग आस्थाओं और परंपराओं के प्रति आदर ही सामाजिक सद्भाव और एकता का आधार है। उन्होंने बच्चों और युवाओं से गांधीजी एवं शास्त्रीजी के आदर्शों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं विचारों का स्मरण करते हुए शांति, प्रेम, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह खालसा ने सर्वधर्म समभाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम अध्यक्ष श्री चंदू लाल साहू, औद्योगिक विकास निगम अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल, नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, राज्य बीज विकास निगम अध्यक्ष श्री चन्द्रहास चंद्राकर, राज्य केश शिल्पी बोर्ड अध्यक्ष श्री गौरी शंकर श्रीवास, विधायक श्री मोती लाल साहू सहित विभिन्न निगम-मंडलों एवं आयोगों के अध्यक्ष और अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

गजेन्द्र यादव ने स्कूलों में साईंश्योर न्यूट्रिशन पायलट प्रोजेक्ट का किया शुभारंभ

रायपुर ■ दैनन्दिनी

प्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए श्री सत्य साईं अन्नपूर्णा ट्रस्ट के सहयोग से छत्तीसगढ़ में "साईंश्योर न्यूट्रिशन कार्यक्रम" के पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ गुरुवार को किया। रायपुर जिले के तीन शासकीय विद्यालयों से शुरू किए गए इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में लगभग 500 बच्चों को निःशुल्क पोषण सहयोग प्रदान किया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तहत नवीन प्राथमिक शाला नवागांव, प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल परसदा तथा शासकीय विद्यालय छेरीखेड़ी के बच्चों को साईंश्योर न्यूट्रिशन उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को नियमित पौष्टिक आहार



सहयोग देकर उनके स्वास्थ्य, एकाग्रता, सीखने की क्षमता और समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर श्री सत्य साईं अन्नपूर्णा ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री आनंद कडली, शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यालयों के शिक्षक, श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल की टीम सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों को साईंश्योर न्यूट्रिशन का वितरण कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। ट्रस्ट के अनुसार वर्तमान में देश के 25 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में एक करोड़ से अधिक स्कूली बच्चों तक प्रातःकालीन पोषण सेवा पहुंचाई जा रही है ज्ञात हो कि जुलाई 2026 में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सत्य साईं ग्राम, मुद्देनहल्ली का दौरा कर सद्गुरु श्री मधुसूदन साईं से भेंट की थी। इस दौरान पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई थी। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ में साईंश्योर न्यूट्रिशन कार्यक्रम को प्रारंभ करने की दिशा में पहल की गई। शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि पोषित बच्चा ही बेहतर सीख सकता है। रायपुर जिले में लगभग 500 बच्चों के साथ शुरू किए गए इस पायलट कार्यक्रम के अनुभवों के आधार पर भविष्य में इसे राज्य के अन्य क्षेत्रों और अधिक शासकीय विद्यालयों तक विस्तारित किया जाएगा।

नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ राज्यपाल डेका ने की पदयात्रा

रायपुर ■ दैनन्दिनी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज राजधानी रायपुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ पदयात्रा आयोजित की गई। राज्यपाल श्री रमेन डेका पदयात्रा में शामिल हुए और नागरिकों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। राज्यपाल श्री डेका ने टाउन हॉल परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने टाउन हॉल से शुरू हुई पदयात्रा में सहभागिता की। पदयात्रा के दौरान भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।टाउन हॉल रायपुर से प्रारंभ होकर पदयात्रा अंबेडकर चौक पहुंची, जहां राज्यपाल श्री डेका ने



भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए सामूहिक सहभागिता और जनजागरूकता को महत्वपूर्ण बताया। पदयात्रा में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, श्री सुनील सोनी सहित बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, विद्यार्थी और शहर के नागरिक शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

शिवरीनारायण-खैरताल मार्ग के लिए 22.08 करोड़ रुपये स्वीकृत

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में मजबूत सड़क नेटवर्क और बेहतर कनेक्टिविटी के विस्तार पर विशेष जोर दे रही है। इसी दिशा में जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण-खैरताल मार्ग के मजबूतीकरण एवं पुल-पुलिया निर्माण के लिए 22 करोड़ 8 लाख 59 हजार रुपये की शासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लगभग 11.70 किलोमीटर लंबे इस महत्वपूर्ण मार्ग के उन्नयन से क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने के साथ ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन की सुविधाएं और बेहतर होंगी।

क्रिप्टो में निवेश का झांसा देकर डॉक्टर से ठगी

रायपुर ■ दैनन्दिनी

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से ठगी का दो मामला सामने आया है। एक ओर जहां MG मोटर्स की फर्जी एजेंसी के नाम पर 21.45 लाख की ठगी की गई, तो वहीं दूसरी ओर Crypto Currency में निवेश के नाम पर डॉक्टर से 25.66 लाख रुपए ठग लिए गए। पुलिस ने अब मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पहला मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है, जहां एक पीड़ित को फेसबुक पर एजेंसी के लिए विज्ञापन देखकर आवेदन करना महंगा पड़ गया। आरोपियों ने खुद को एमजी मोटर्स का कर्मचारी बताया और पंजीयन के नाम पर 2.95 लाख रुपये जमा कराए। इतना ही नहीं इसके बाद सुरक्षा राशि के नाम पर 18.50 लाख रुपये की वसूली की गई। इस तरह कुल 21 लाख 45 हजार 700 रुपये की ठगी की गई। वहीं 12 MG कारें देने का झांसा देकर जब 20 प्रतिशत रकम और मांगी गई, तब पीड़ित को ठगी का ऐहसास हुआ। इसके बाद उसने इसकी शिकायत डीडी नगर थाने में कर दी। शिकायत के बाद पुलिस ने भी जांच शुरु कर दी है। दूसरा मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है, जहां Crypto Currency में निवेश के नाम पर डॉक्टर से लाखों रुपए की ठगी की गई है। सबसे पहले डॉक्टर को एक युवती ने फेसबुक पर Crypto में ज्यादा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया और फिर ट्रेडिंग प्लेटफार्म पर पंजीयन कराया। शुरुआत में मुनाफा दिखाकर भरोसा जीता और फिर बाद में अलग-अलग बैंक खातों और UPI से 25.66 लाख रुपये जमा कराए। इतना ही नहीं इसके बाद वेरिफिकेशन चैनल फीस के नाम पर भी रकम मांगी गई। वहीं जब RBI की गाइडलाइन बताकर फर्जी पत्र भेजा गया तब डॉक्टर को ठगी का ऐहसास हुआ। ठगी का ऐहसास होते ही डॉक्टर ने 1930 साइबर हेल्पलाइन पर इसकी सूचना दी, जिसके बाद आजाद चौक थाने में रेशमी गुप्ता और सुरेश चौहान के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया।



अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सुधा सोसाइटी फाउंडेशन ने किया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

रायपुर। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सुधा सोसाइटी फाउंडेशन की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में विशेष समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय और लंबे समय से अपना योगदान दे रहे सात वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित वरिष्ठ नागरिकों में मॉर्निंग वॉकर्स, समाजसेवी, सेवानिवृत्त बैंकर और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाएं शामिल रहीं। फाउंडेशन ने उनके समर्पण, उपलब्धियों और समाज के प्रति निरंतर सेवा को सम्मानित किया।

मवेशी तस्करी का बड़ा मामला: वाहन में ठूंस-ठूंसकर भरी थीं भैंसें, 13 की मौत

आरंग। रायपुर जिले के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-53 से लगे उमरिया धान खरीदी केंद्र के पास खड़े एक संदिग्ध मालवाहक वाहन से पुलिस ने 15 भैंसें बरामद की हैं। वाहन में क्षमता से अधिक मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। दम घुटने और भूख-प्यास के कारण 13 भैंसों की मौत हो गई, जबकि दो मवेशी जीवित मिले। वाहन चालक मौके से फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, मालवाहक वाहन (क्रमांक MP 07 GA 9910) काफी समय से उमरिया धान खरीदी केंद्र के पास संदिग्ध स्थिति में खड़ा था। स्थानीय ग्रामीणों को संदेह होने पर उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मंदिर हसौद पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन की जांच की, तो अंदर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए। वाहन में बड़ी संख्या में भैंसें भरी हुई थीं। इनमें से 13 की मौत हो चुकी थी, जबकि दो जीवित मिलीं। पुलिस के पहुंचने से पहले ही वाहन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो चुका था। प्रारंभिक जांच में मामले के तार किसी बड़े मवेशी तस्करी गिरोह से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस इस बात की पड़ताल कर रही है कि यह वाहन कहां से आया था, मवेशियों को कहां ले जाया जा रहा था और गाड़ी को धान खरीदी केंद्र के पास लावारिस क्यों छोड़ा गया। मामले में मंदिर हसौद थाना प्रभारी आशीष यादव ने बताया कि पशु चिकित्सा विभाग को सूचित कर दिया गया है। सभी मृत मवेशियों का नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जिससे मौत के सटीक कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सके।




फरार चालक और वाहन मालिक की तलाश जारी है। नेशनल हाईवे-53 जैसे व्यस्त और मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से मवेशियों का इस प्रकार परिवहन होना सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर कई गंभीर सवाल खड़े करता है। इस घटना को लेकर स्थानीय नागरिकों और पशु प्रेमियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोग प्रशासन से सीधे सवाल पूछ रहे हैं कि हाईवे पर दिन-रात दौड़ने वाले संदिग्ध मालवाहक वाहनों की नियमित जांच क्यों नहीं होती? अंतरराज्यीय सीमाओं और मुख्य मार्गों पर बने चेकिंग पॉइंट्स से यह वाहन बिना जांच के कैसे गुजर गया? फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दावा किया है कि सीसीटीवी फुटेज व वाहन पंजीयन नंबर के आधार पर आरोपी चालक एवं तस्करों को जल्द गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने सीएम साय और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को लिखा पत्र

रायपुर ■ दैनन्दिनी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष सी.आर. पाटिल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने ओड़िशा स्थित खातीगुड़ा बांध से अचानक पानी छोड़े जाने के कारण बस्तर संभाग में उत्पन्न भीषण बाढ़ की स्थिति से अवगत कराया है। CM साय ने बस्तर के बाढ़ पीड़ितों के तात्कालिक पुनर्वास, विशेष मुआवजा पैकेज, जोरा नाला की नई डीपीआर के निर्माण और दीर्घकालिक बाढ़ प्रबंधन योजना की तत्काल स्वीकृति का आग्रह किया है।

आम जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त-भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने केन्द्रीय मंत्री पाटिल को लिखे पत्र में ध्यान आकृष्ट किया है कि इंद्रावती जलाशय (खातीगुड़ा बांध) से अग्रिम चेतावनी और उचित समन्वय के बिना भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से इंद्रावती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया। इसके चलते



जगदलपुर शहर के कई वार्ड और ग्रामीण क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं। लाखों एकड़ में लगी फसलें तबाह हो चुकी हैं, मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, मवेशी बह गए हैं और आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अंतर्राज्यीय जल विनियमन के अभाव और जोरा नाला की भौगोलिक स्थिति और प्रभावी बाढ़ (आपदा) प्रबंधन के अभाव ने इस संकट को और अधिक गंभीर बना दिया है।

विशेष मुआवजा और राहत पैकेज की मांग-भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने पत्र में आपदा प्रभावितों के लिए विशेष मुआवजा एवं राहत पैकेज के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि बाढ़ से नष्ट हुई खरीफ फसलों के लिए किसानों को प्रति एकड़ के आधार पर एनडीआरएफ मद से विशेष राहत राशि तुरंत स्वीकृत की जाए। जिन परिवारों के कच्चे या पक्के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत प्राथमिकता से नया मकान और तत्काल जीवन-यापन के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। बह गए मवेशियों, प्रभावित छोटे व्यापारियों और दुकानदारों के नुकसान का त्वरित सर्वे कराकर सीधे डीबीटी के माध्यम से मुआवजा राशि खाते में भेजी जाए।

जोरा नाला की नई DPR पर जोर-भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने जोरा नाला के नए सिरे से डीपीआर निर्माण और कार्यान्वयन को जरूरी बताते हुए कहा है कि जोरा नाला में अनियंत्रित कटाव और इंद्रावती नदी के जल विचलन (वाटर डायवर्सन) को नियंत्रित करने के लिए आधुनिक हाइड्रोलॉजिकल अध्ययन कराकर नया और संशोधित डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार किया जाए। इसी तरह जोरा नाला पर एक स्वचालित आधुनिक 'गेटेड रेगुलेटर स्ट्रक्चर' बनाया जाए.

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक ब्रजेश शुक्ला द्वारा खसरा नं. 317/4, सालासर ग्रीन्स के पीछे, सरोना रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं दैनंदिनी प्रिन्टर्स, सरोना रायपुर से मुद्रित। संपादक- ब्रजेश शुक्ला, RNI-CHHHIN/2010/34274, फोन-0771-4059450, ई-मेल-mail2dainandini@gmail.com